हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला २०८

॥ श्रीः ॥

प्रतिमा-नाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः–

आचार्यः श्रीरामचन्द्रमिश्रः

सीरीज आफिस, वाराणसी

॥ श्रीः ॥

हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला
२०८

महाकवि-भासप्रणीतं

प्रतिमा-नाटकम्

'प्रकाश' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

आचार्यः श्रीरामचन्द्रमिश्रः

मुजफ्फरपुरस्थधर्मसमाजसंस्कृतमहाविद्यालयप्राध्यापकः

प्रस्तावनालेखकः

डॉ० सत्यव्रत सिंहः

(प्राध्यापक : लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी

संस्करण : सप्तम, वि० सं० २०३३

मूल्य :

के० ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन

पो० बा० ८, वाराणसी–२२१००१ (भारत)

फोन : ६३१४५

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन

के० ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन

पो० बा० १३८, वाराणसी–२२१००१

(भारत)

THE
HARIDAS SANSKRIT SERIES
208

PRATIMĀNĀTAKAM

OF
MAHAKAVI BHASA

Edited with
The 'Prakasha Sanskrit and Hindi Commentaries

By
ACHARYA RAM CHANDRA MISHRA
Professor, D. S. S. College, Muzaffarpur

THE
Chowkhamba Sanskrit Series Office
VARANASI-1
1976

प्रस्तावना

भास-नाटक-चक्र

महाकवि भास के 'नाटक-चक्र' का संकेत सर्वप्रथम छठी-सातवीं शताब्दी के महाकवि बाण ने किया है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः। सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥'

(हर्षचरित)

इस संकेत से इतना तो अवश्य स्पष्ट है कि भास की नाटक-कृति एक नहीं अपितु अनेक थीं।

महाकवि भास के नाम के साथ उनके रचित 'नाटक-चक्र' का सम्बन्ध कालान्तर में भी संस्कृत के विपयों और लेखकों की स्मृति में सुरक्षित रहा क्योंकि 'सूक्तिमुक्तावली' के रचयिता कवि राजशेखर ने भी भास और उनकी नाटक-कृतियों का स्मरण किया था :—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥'

१२ वीं शताब्दी के कवि कल्हण ने अपनी 'सूक्तिमुक्तावली' में राजशेखर की 'सूक्ति मुक्तावली' की इसी उपर्युक्त सूक्ति का पुनरुल्लेख कर भास के 'नाटक-चक्र' की प्राचीन स्मृति को जागृत रखा है।

किन्तु समय के हेर-फेर से भास का 'नाटक-चक्र' लुप्तप्राय हो गया। भास के 'नाटक-चक्र' की खोज १९०९ में हुई और महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री ने भास के १३ नाटकों को संस्कृत के विद्वज्जगत् के सामने उपस्थित किया। संस्कृत के अनुसंधान-शील भारतीय और विदेशीय विद्वान् भास के इस 'नाटक-चक्र' के सम्बन्ध में दो विरुद्ध पक्षों में विभक्त हो गये। एक पक्ष ने दक्षिण भारत में उपलब्ध 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटकों को भास के 'नाटक-चक्र' के रूप में माना, किन्तु दूसरे पक्ष ने इन्हें सन्देह की दृष्टि से देखा। महामहोपाध्याय टी० गणपति शास्त्री के द्वारा प्रकाश में लाये गये 'स्वप्नवासवदत्तम्' आदि १३ नाटकों को भास के 'नाटक-चक्र' के रूप में मानने वाले विद्वानों में डाक्टर कीथ, डाक्टर टामस, डाक्टर स्वरूप आदि रहे और इन्हें सन्देह की दृष्टि से देखने वाले विद्वानों में डाक्टर बार्नेट, डाक्टर सिल्वन लेवी, डाक्टर वुल्नर, म० म० डा० कुप्पू स्वामी शास्त्री आदि थे।

अस्तु, महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री की खोज में मिले 'नाटक-चक्र' में वे १३ नाटक हैं :—

१. स्वप्नवासवदत्तम्
२. प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्
३. अविमारकम्
४. चारुदत्तम्
५. प्रतिमानाटकम्
६. अभिषेकनाटकम्
७. पञ्चरात्रम्
८. मध्यमव्यायोगः
९. दूतवाक्यम्
१०. दूतघटोत्कचम्
११. कर्णभारम्
१२. ऊरुभङ्गम्
१३. बालचरितम्

प्रतिमानाटक : नामसार्थक्य

उपर्युक्त भास-नाटक-चक्र में 'प्रतिमानाटक' एक मुख्य नाटक है। 'प्रतिमानाटक' का नाम कुछ लोग इसलिये सङ्गत मानते हैं कि इसमें प्रतिमा-गृह अथवा मूर्तिगृह की घटना का महत्त्व ही नाटक की इतिवृत्त रचना की विशेषता है। प्रोफेसर ध्रुव के अनुसार इस नाटक का पूरा नाम 'प्रतिमा-दशरथ' रहा होगा जिसे संक्षिप्त रूप में 'प्रतिमा' कर दिया गया। भास का एक नाटक 'प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण' भी है जिसे संक्षेप में 'प्रतिज्ञा' नाटक कहा जा सकता है। भास के 'स्वप्न-वासवदत्तम्' की कुछ प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों में केवल 'स्वप्न-नाटक' ही लिखा मिलता है।

प्रतिमा का इतिवृत्त

भास ने 'प्रतिमा नाटक' का मूलवृत्त रामायण से लिया है। वाल्मीकि–रामायण के अयोध्याकाण्ड और अरण्यकाण्ड में वर्णित वृत्त ही वस्तुतः इस नाटक का आधार-वृत्त है। किन्तु इस आधारवृत्त की रचना जो नाटक के इतिवृत्तरूप में है वह महाकवि भास की अपनी नाटकीय कल्पना है। 'प्रतिमा' के सात अङ्कों में भास की इतिवृत्त–कल्पना जिस नाटकीय घटना-चक्र की सृष्टि करती है उसका रूप निम्न है :—

प्रथम अङ्क

(दृश्य प्रथम)

महाराज दशरथ के राजप्रासाद में राम के राज्याभिषेक की तैयारी हो रही है। महाराज दशरथ ने राज्याभिषेक की सामग्री की तैयारी के सम्बन्ध में आज्ञा दे दी है और उनकी प्रतीहार-रक्षी उनकी आज्ञा के पालन के सम्बन्ध में कञ्चुकी से सब समाचार जानना चाहती है। कञ्चुकी के द्वारा प्रतीहार-रक्षी को और प्रतीहार-रक्षी के द्वारा महाराज

दशरथ को भी पता चलता है कि राज-छत्र, राज-सिंहासन, मङ्गलकलश आदि सभी सामग्रियाँ तैयार हैं और महर्षि वशिष्ठ राज्याभिषेक-संस्कार प्रारम्भ करने के लिये महाराज की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

(दृश्य—द्वितीय)

सीताजी अपने हर्म्य-कक्ष में अपनी चेटियों के साथ हास-परिहास में लगी हैं। इतने में उनकी एक चेटी आती है और अपने साथ एक वल्कल-वस्त्र लाती है जिसे उसने राजप्रासाद की नाट्य-शाला से, नाट्यशाला की संरक्षिका को बिना बताये, ले लिया है। सीताजी इस चेटी को कुछ भला बुरा कहती हैं और वल्कल को नाट्यशाला में लौटाने की आज्ञा देती हैं। चेटी वल्कल लौटाने ही जा रही है कि सीताजी उसकी सुन्दरता से आकृष्ट होकर कौतुकवश उसे पहन लेती हैं। इतने में एक दूसरी चेटी आती है और सीताजी को राम के राज्याभिषेक की सूचना देती है। अभिषेक-समारोह के मङ्गल-वाद्य बजते-बजते अकस्मात् बन्द हो जाते हैं और सीता के पास राम आ पहुँचते हैं। राम प्रसन्न हैं क्योंकि उनका राज्याभिषेक होते-होते रुक गया है। राम अपने राज्याभिषेक के रुकने का कारण बताते हैं और सीता प्रसन्न होती हैं। अकस्मात् राम का ध्यान सीता के वल्कल-परिधान पर जाता है और स्वयं भी उन्हें वल्कल पहनने की इच्छा होने लगती है। इतने में अन्तःपुर का करुण-क्रन्दन सुन पड़ता है और महाराज दशरथ के शोक-मूर्च्छित होने का समाचार फैल जाता है। क्रोध में लक्ष्मण सीता के हर्म्यकक्ष में पहुँच जाते हैं और कैकेयी से बदला लेने के लिये स्त्रीजाति के संहार की प्रतिज्ञा करते हैं। राम समझा-बुझा कर लक्ष्मण को शान्त करते हैं और राम के साथ सीता और लक्ष्मण वन-गमन के लिये तैयार हो जाते हैं।

द्वितीय अङ्क

राम, सीता और लक्ष्मण को वन-गमन से रोकने में असमर्थ महाराज दशरथ शोकोन्मत्त हैं और अपने अन्तःपुर में मूर्च्छित पड़े हैं। कौसल्या महाराज दशरथ को शान्त करने में लगी हैं। इतने में राम के साथ सीता और लक्ष्मण को अयोध्या की सीमा के पार पहुँचा कर लौटे हुये सुमन्त्र आते हैं। सुमन्त्र से राम के वन-गमन का समाचार जान महाराज दशरथ मूर्च्छित और निष्प्राण हो जाते हैं।

तृतीय अङ्क

दिवंगत रघुवंशी राजाओं का प्रतिमागृह सजाया जा रहा है और मृत महाराज दशरथ की प्रतिमा के स्थापन-संस्कार के लिये कौसल्या आदि रानियों के आगमन की प्रतीक्षा हो रही है। महाराज दशरथ के अस्वास्थ्य का समाचार सुन भरत अपने मातुल-गृह (केकय देश) से चले आ रहे हैं और अयोध्या की सीमा पर निर्मित 'प्रतिमागृह'

की सजावट देख वहीं रुक जाते हैं। अयोध्या से बहुत समय बाहर रहने के कारण भरत को यह प्रतिमा-गृह अपने पूर्वजों का स्मारक नहीं अपितु देवमन्दिर-सा लगता है। इतने में भरत के स्वागतार्थ शत्रुघ्न का सैनिक सेवक आता है और उन्हें अयोध्या-प्रवेश के लिए शुभमुहूर्त्त की प्रतीक्षा करने के लिये कहता है। अयोध्या-प्रवेश के शुभ मुहूर्त्त की प्रतीक्षा में भरत प्रतिमागृह के दर्शन के लिये चल पड़ते हैं और देवकुलिक (प्रतिमागृह के पूजनाधिकारी) के द्वारा क्रमशः दिलीप, रघु और अज की प्रतिमाओं का परिचय प्राप्त करते हैं। महाराज दशरथ का प्रतिमा दिखाये जाने पर और यह बताये जाने पर कि प्रतिमागृह दिवंगत रघुवंशी राजाओं का स्मारकभवन है, भरत मूर्च्छित हो जाते हैं। मूर्च्छा से उठने पर भरत को राम और दशरथ का पूरा वृत्तान्त बताया जाता है और भरत पुनः मूर्च्छित हो जाते हैं। इतनेमें कौसल्या आदि रानियाँ प्रतिमा-गृह में पहुँचती हैं। भरत मूर्छा से उठते हैं और सुमन्त्र के साथ आये अपने मातृवर्ग से मिलते हैं। कैकेयी पर भरत क्षुब्ध होते हैं और अपने राज्याभिषेक के बदले राम के साथ वनवास करने का दृढ निश्चय प्रकट करते हैं।

चतुर्थ अङ्क

राम, सीता और लक्ष्मण के साथ वन में रहने लगे हैं। सुमन्त्र के साथ भरत राम की पर्णकुटी पर जा पहुँचते हैं भरत के स्वर से उन्हें पहचान कर राम उनसे मिलने को उत्सुक हो जाते हैं। भ्रातृमिलन के बाद भरत राम के प्रतिनिधिरूप से अयोध्या का राज्य चलाने पर किसी प्रकार तैयार होते हैं और राम, सीता और लक्ष्मण से विदा लेते हैं।

पञ्चम अङ्क

रावण कपट-परिव्राजक बनकर वन में पहुँचता है और राम का आतिथ्य ग्रहण करता है बातचीत में महाराज दशरथ के श्राद्ध के लिये रावण राम को सुवर्णमृग के निवाप का उपदेश देता है। राम सुवर्णमृग के पीछे चल पड़ते हैं और लक्ष्मण एक महर्षि के स्वागतार्थ चले जाते हैं। सीता रावण का आतिथ्य करने रुक जाती है। रावण सीता को अपना वास्तविक परिचय देता है और डरा-धमकाकर बलात् उनका अपहरण करता है। सीता का करुण-क्रन्दन जटायु को सुन पड़ता है और जटायु रावण के मार्ग में यथाशक्ति विघ्न उपस्थित करता है।

षष्ठ अङ्क

(दृश्य—प्रथम)

रावण सीता को आकाश-मार्ग से भगाये ले जा रहा है और जटायु रावण से लड़ता-भिड़ता उड़ रहा है। अन्त में जटायु की मृत्यु हो जाती है। 'जनस्थान' वन के दो ऋषिकुमार सीतापहरण तथा जटायुवध की घटना अवगत करानेके लिये राम को ढूढ़ने निकल पड़ते हैं।

(दृश्य–द्वितीय)

'जनस्थान'—वन से लौटे सुमन्त्र अयोध्या के राजप्रासाद में भरत से मिलते हैं और सीतापहरण का दुखद समाचार छिपाने की यथाशक्ति चेष्टा करते हैं। रावण के द्वारा सीतापहरण का समाचार मिलते ही भरत कैकेयी पर अपना क्रोध निकालने लगते हैं। कैकेयी क्षमा माँगती हैं और यह निवेदन करती हैं कि उनके मुँह से 'चौदह दिन' के वनवास के बदले 'चौदह वर्ष' का वनवास निकल पड़ा। भरत कैकेयी की बात पर सुमन्त्र के कहने से विश्वास कर लेते हैं और रावण पर आक्रमण करने के लिये उत्कण्ठित हो उठते हैं।

सप्तम अङ्क

रावण विजय के बाद लङ्का से लौटे राम जनस्थान में पहुँच आये हैं। उनके साथ सीता और लक्ष्मण हैं। जनस्थान की प्राचीन सुखद स्मृति में तीनों एक दूसरे से वार्तालाप कर रहे हैं। इतने में उन्हें भरत और उनकी सेनाओं के वहाँ पहुँचने का समाचार मिलता है। भरत के साथ सुमन्त्र और कैकेयी आदि हैं। सबकी उपस्थिति में भरत अपने अग्रज राम के चरणों में राज्य-भार समर्पण कर देते हैं और कैकेयी की आज्ञा से राम अपना राज्याभिषेक स्वीकार करते हैं।

'प्रतिमा' के इतिवृत्त का रामायण के मूल वृत्त से भेद

सात अङ्कों में अङ्कित प्रतिमानाटक का इतिवृत्त रामायण के मूलवृत्त का नवीन कवि-कल्पना-प्रसूत रूपान्तर है। नाट्यविद्या की प्राचीन परम्परा के अनुसार नाटककार को जो यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपने रस-भाव की दृष्टि से प्राचीन मूलवृत्त में यथासम्भव परिवर्त्तन कर सकता है, उसका पूरा उपयोग प्रतिमानाटक में किया गया है। प्रतिमानाटक में महाकवि भास ने जो घटना-चक्र रचा है वह रामायण के कथानक से इन-इन अंशों में नवीन है :—

(१) प्रथम अङ्क की वल्कल की घटना रामायण में नहीं है। नाटक कवि की यह अपनी कल्पना है, जिसका उद्देश्य सीता और राम के मधुर गार्हस्थ्य का प्रकाशन है। रामायण में राम के राज्याभिषेक में भरत के साथ शत्रुघ्न की भी अनुपस्थित दिखाया गया है किन्तु 'प्रतिमा' में केवल भरत अनुपस्थित रखे गये हैं औ शत्रुघ्न को राज्याभिषेक के समय अयोध्या में उपस्थित बताया गया है।

(२) द्वितीय अङ्क में मृत्यु-शय्या पर पड़े दशरथ के सामने उनके स्वर्ग से आये पूर्वजों का जो दृश्य है वह नाटककार की कल्पना है क्योंकि रामायण में इसका कोई निर्देश नहीं है।

(३) तृतीय अङ्क की घटना नाटककार की एक मात्र नाटकीय कल्पना है। रामायण में 'प्रतिमागृह' की कोई भी चर्चा नहीं है। वस्तुतः तृतीय अङ्क की प्रतिमागृह-सम्बन्धी कल्पना ही प्रतिमानाटक की जन्मभूमि है।

(४) पञ्चम अङ्क में राम और रावण का जैसा मिलन वर्णित है उसका रामायण में कोई भी निर्देश नहीं। यहाँ मारीचरूपी मायामृग के बदले 'काञ्चनपार्श्व' मृग की कल्पना है और दिवंगत दशरथ के श्राद्ध के लिये इस मृग के अन्वेषण में राम को सीता के पास से जो हटाया गया है वह भी सर्वथा एक नयी कल्पना है।

(५) षष्ठ अङ्क में सुमन्त्र का पुनः दण्डकारण्य में जाना और रावण के द्वारा सीतापहरण की घटना से परिचित होना नाटककार की कल्पना है। रामायण में इस प्रकार का कोई वर्णन नहीं है। साथ ही साथ सुमन्त्र द्वारा वर्णित सीतापहरण के वृत्तान्त से दुखित भरत का अपनी माता कैकेयी को कोसना और कैकेयी का यह कहना कि चौदह दिन के वनवास के बदले चौदह वर्ष का वनवास सम्भ्रमवश उसके मुँह से निकल पड़ा आदि बातें प्रतिमानाटक की इतिवृत्त रचना की विशेषता है क्योंकि रामायण में इस प्रकार का कोई संकेत नहीं। रावणविजय के लिये भरत का सेना-समुद्योग भी नाटककार की ही कल्पना है जिसका रामायण में कोई उल्लेख नहीं है।

(६) सप्तम अङ्क में राम के राज्याभिषेक का जनस्थान में होना, अयोध्या के नर-नारियों का इस राज्याभिषेकोत्सव में सम्मिलित होना, विभीषण, सुग्रीव आदि का भी वहाँ विराजमान रहना और पुनः धूमधाम से राज्याभिषेक के लिए सबका अयोध्या जाना आदि नाटककार की इतिवृत्त-कल्पना से सम्बद्ध है। इसका भी रामायण में कोई निर्देश नहीं है।

'प्रतिमा' में चरितचित्रण : रामायण की चरितवर्णना से भिन्न

नाटककार भास ने 'प्रतिमा' में जैसा चरितचित्रण किया है उसी के अनुसार इतिवृत्त-रचना की है। 'प्रतिमा' का चरितचित्रण 'प्रतिमा' के रस-भाव का अनुसरण करता है। जहाँ 'प्रतिमा' में जो मुख्य रस-भाव विवक्षित है वह करुण-रस है और इसी के विविध प्रकार के परिपोष में प्रत्येक चरित विविधरूप में विकसित होते हैं।

राम का चरितचित्रण

'प्रतिमा' के राम रामायण के राम नहीं। रामायण के राम अपने पिता महाराज दशरथ के सम्बन्ध में वह कोमल भाव नहीं रखते जो 'प्रतिमा' के राम में स्पष्ट झलकता है। 'प्रतिमा' के राम अपने राज्याभिषेक के होते होते रुक जाने और अपने वनवास के सम्बन्ध में प्रसन्न होकर यह कहते हैं'—

'वनगमननिवृत्तिः पार्थिवस्यैव तावत्, मम पितृपरवेत्ता बालभावः स एव।
नवनृपतिविमर्शे नास्ति शङ्का प्रजानामथ च न परिभोगैर्वञ्चिता भ्रातरो मे ॥(पृ०३२)

वहाँ रामायण के राम का इस अवसर पर कुछ दूसरा ही रूप है :—

'गुरुश्च राजा च पिता च वृद्धः क्रोधात् प्रहर्षादथ वापि कामात्।
यद् व्यादिशेत् कार्यमवेक्ष्य धर्मं कस्तन्न कुर्यादनृशंसवृत्तिः ॥'
(अयोध्याकाण्ड २१. ५२)

रामायण में राम को कैकेयी पर कुछ क्रोध और क्षोभ भी प्रकट करते वर्णित किया गया है :—

मम प्रव्रजनादद्य कृतकृत्या नृपात्मजा।
सुतं भरतमव्यग्रमभिषेचयतां ततः ॥
मयि चीराजिनधरे जटामण्डलधारिणि।
गतेऽरण्यं च कैकेय्या भविष्यति मनःसुखम् ॥
(अयोध्याकाण्ड २२. १२, १३)

किन्तु 'प्रतिमा' (पृ० २८-२९) में राम को कैकेयी के प्रति क्रोध-क्षोभ-रहित दिखाया गया है :—

रामः—…अथ कुत उत्पन्नोऽयं दोषः !
काञ्चुकीयः—स्वजनात्।
रामः—स्वजनादिति। हन्त, नास्ति प्रतीकारः !

शरीरेऽरिः प्रहरति हृदये स्वजनस्तथा।
कस्य स्वजनशब्दो मे लज्जामुत्पादयिष्यति ॥

काञ्चुकीयः—तत्र भवत्याः कैकेय्याः।
रामः—किमम्बायाः ? तेन हि उदर्केण गुणेनात्र भवितव्यम्।
काञ्चुकीयः—कथमिव ?
रामः—श्रूयताम्—

यस्याः शक्रसमो भर्ता मया पुत्रवती च या।
फले कस्मिन् स्पृहा तस्या येनाकार्यं करिष्यति ॥

रामायण के कवि ने राम को सीता के स्पृहा-विनोदन के लिए माया-मृग मारीच के प्रति भेजा है :—

'आर्यपुत्राभिरामोऽसौ मृगो हरति मे मनः।
आनयैनं महाबाहो क्रीडार्थं नो भविष्यति ॥'
(अरण्यकाण्ड ४३, ९)

'यावद् गच्छामि सौमित्रे ! मृगमानयितुं द्रुतम् ।
पश्य लक्ष्मण ! वैदेहीं मृगत्वचि गतस्पृहाम् ॥'

(अरण्यकाण्ड ४३, ४८)

किन्तु 'प्रतिमा' के नाटककार ने राम को काञ्चन-पार्श्व मृग का पीछा करते चित्रित करते हुए पितृभक्त पुत्र के रूप में प्रस्तुत किया है (पृ० १३९-४०) :—

रावणः—कौसल्यामातः ! अलमतिमनोरथेन । न ते (काञ्चनपार्श्वाः मृगाः) मानुषैर्दृश्यन्ते ।

रामः—भगवन् ! किं हिमवति प्रतिवसन्ति ?

रावणः—अथ किम् ।

रामः—तेन हि पश्यतु भवान्—

सौवर्णान् वा मृगांस्तान् मे हिमवान् दर्शयिष्यति ।
भिन्नो मद्बाणवेगेन क्रौञ्चत्वं वा गमिष्यति ॥

रावणः—(स्वगतम्) अहो असह्यः खल्वस्यावलेपः । (प्रकाशम्) अये विद्युत्संपात इव दृश्यते । कौसल्यामातः ! गृहस्थमेव भवन्तं पूजयति हिमवान् । एष काञ्चनपार्श्वः ।

रामः—भगवतो वृद्धिरेषा ।

सीता—दिष्टया आर्यपुत्रो वर्धते ।

रामः—न न—

तातस्यैतानि भाग्यानि यदि स्वयमिहागतः ।
अर्हस्येष हि पूजायां लक्ष्मणं ब्रूहि मैथिलि ! ॥

सीता का चरित-चित्रण

'प्रतिमा' की सीता वही नहीं जो 'रामायण' की सीता है । रामायण की सीता तो महाराज दशरथ की वनवास की आज्ञा के पालन में राम को कुछ खरी-खोटी भी सुनाती है :—

'सान्त्व्यमाना तु रामेण मैथिली जनकात्मजा ।
वनवासनिमित्तार्थं भर्तारमिदमब्रवीत् ॥
सा तमुत्तमसंविग्ना सीता विपुलवक्षसम् ।
प्रणयाच्चाभिमानाच्च परिचिक्षेप राघवम् ॥
किं त्वामन्यत वैदेहः पिता मे मिथिलाधिपः ।
रामं जामातरं प्राप्य स्त्रियं पुरुषविग्रहम् ॥

स्वयं तु भार्यां कौमारीं चिरमध्युषितां सतीम् ।
शैलूष इव मां राम परेभ्यो दातुमिच्छसि ॥
(अयोध्याकाण्ड ३०.१.७)

किन्तु 'प्रतिमा' की सीता राम के राज्याभिषेक में न तो प्रसन्न है और न वनगमन में खिन्न । राम से सीता इतना ही कहती है :—

'प्रियं मे । महाराज एव महाराजः । आर्यपुत्र एवार्यपुत्रः ।' (पृ० २३)

रामायण की सीता मायामृग के आखेट के लिए निकले राम के पीछे लक्ष्मण को न जाते देख लक्ष्मण पर क्रुद्ध होती हैं :—

'तमुवाच ततस्तत्र क्षुभिता जनकात्मजा ।
सौमित्रे मित्ररूपेण भ्रातस्त्वमसि शत्रुवत् ॥
यस्त्वमस्यामवस्थायां भ्रातरं नाभिपद्यसे ।
इच्छसि त्वं विनश्यन्तं रामं लक्ष्मण मत्कृते ॥
लोभात्तु मत्कृते नूनं नानुगच्छसि राघवम् ।
व्यसनं ते प्रियं मन्ये स्नेहो भ्रातरि नास्ति ते ॥
(अरण्यकाण्ड ४५-५-७)

किन्तु 'प्रतिमा' नाटक के कवि ने सीता के इस व्यक्तित्व का चित्रण करना अनुचित समझकर मायामृग की घटना में लक्ष्मण को ही अनुपस्थित निर्दिष्ट कर दिया है ।

कौसल्या का चरित-चित्रण

रामायण में तो कौसल्या को कैकेयी के दुर्व्यवहार पर क्षुब्ध चित्रित किया गया है और भरत पर भी रुष्ट बताया गया है :—

तथैव क्रोशतस्तस्य भरतस्य महात्मनः ।
कौसल्या शब्दमाज्ञाय सुमित्रां चेदमब्रवीत् ॥
आगतः क्रूरकार्यायाः कैकेय्या भरतः सुतः ।
तमहं द्रष्टुमिच्छामि भरतं दीर्घदर्शिनम् ॥
भरतं प्रत्युवाचेदं कौसल्या भृशदुःखिता ।
इदं ते राज्यकामस्य राज्यं प्राप्तमकण्टकम् ।
सम्प्राप्तं बत कैकेय्या शीघ्रं क्रूरेण कर्मणा ॥
प्रस्थाप्य चीरवसनं पुत्रं मे वनवासिनम् ।
कैकेयी कं गुणं तत्र पश्यति क्रूरदर्शिनी ॥
(अयोध्याकाण्ड ७५. ५-१२)

किन्तु 'प्रतिमा' में कौसल्या का जो चरित है उसमें कहीं भी उसे रुष्ट अथवा क्षुब्ध नहीं देखा जा सकता ।

कैकेयी का चरित-चित्रण

'प्रतिमा' में कैकेयी का जो चरित्र चित्रित है वह एक उदात्त चरित्र है। 'प्रतिमा' (पृ० १६३-६६) में कैकेयी राम के वनवास का वर इसलिये माँगती है कि महाराज दशरथ को दिया गया ऋषि-शाप उसे इसके लिये प्रेरित करता है :—

भरतः—हन्त भोः ! सत्त्वयुक्तानामिक्ष्वाकूणां अनश्विनाम् ।
वधूप्रधर्षणं प्राप्तं प्राप्यान्नभवतीं वधूम् ॥

कैकेयी—(आत्मगतम्) भवतु । इदानीं कालः कथयितुम् । (प्रकाशम्) जात ! त्वं न जानासि महाराजस्य शापम् ।

भरतः—किं शप्तो महाराजः ?

कैकेयी—सुमन्त्र ! आचक्ष्व विस्तरेण ।

सुमन्त्रः—यदाज्ञापयति भवती । कुमार ! श्रूयताम्—पुरा मृगयां गतेन महाराजेन कस्मिंश्चित्सरसि कलशं पूरयमाणो वनगजबृंहितानुकारिशब्दलसुरपक्षवनगजशङ्कया शब्दवेधिना शरेण विपक्षचक्षुषो महर्षेश्चक्षुर्भूतो मुनितनयो हिंसितः ।

भरतः—हिंसित इति । शान्तं शान्तं पापम् । ततस्ततः ।

सुमन्त्रः—ततस्तमेवं गतं दृष्ट्वा—

तेनोक्तः रुदितस्यान्ते मुनिना सत्यभाषिणा ।
यथाऽहं भोस्त्वमप्येवं पुत्रशोकाद् विपत्स्यसे ॥ इति ।

भरतः—नन्विदं कष्टं नाम ।

कैकेयी—जात ! एतन्निमित्तमपराधे मां निक्षिप्य पुत्रको रामो वनं प्रेषितः । न खलु राज्यलोभेन । कुपरिहरणीयो महर्षिशापः पुत्रविप्रवासं विना न भवति ।

भरतः—अथ तुल्ये पुत्रविप्रवासे कथमहमरण्यं न प्रेषितः ।

कैकेयी—जात ! मातुलकुले वर्त्तमानस्य प्रकृतीभूतस्ते विप्रवासः ।

भरतः—अथ चतुर्दशवर्षाणि किं कारणमवेक्षितानि ।

कैकेयी—जात ! चतुर्दश दिवसा इति वक्तुकामया पर्याकुलहृदयया चतुर्दश वर्षाणि इत्युक्तम् ।

भरतः—अस्ति पाण्डित्यं सम्यग् विचारयितुम् । अथ विदितमेतद् गुरुजनस्य ?

सुमन्त्रः—कुमार ! वसिष्ठवामदेवप्रभृतीनामनुमतं विदितञ्च ।

किन्तु रामायण के कवि ने कैकेयी पर सन्देह दृष्टि रखी है और उसे ही सभी अनर्थ का कारण बताया है :—

'कुलस्य त्वमभावाय कालरात्रिरिवागता ।
अङ्गारमुपगुह्य स्म पिता मे नाववुद्धवान् ॥

मृत्युमापादितो राजा त्वया मे पापदर्शिनी।
सुखं परिहृतं मोहात्कुलेऽस्मिन् कुलपांसनि॥
(अयोध्याकाण्ड ७२, ४-५)

सुमन्त्र का चरित्र-चित्रण

रामायण में सुमन्त्र का जो चरित्र है उससे 'प्रतिमा' के सुमन्त्र का चरित्र सर्वथा भिन्न है। रामायण का सुमन्त्र कैकेयी पर क्रुद्ध होकर उसे मर्मान्तक वाक्य-बाणों से मारता है :—

'ततो निर्धूय सहसा शिरो निःश्वस्य चासकृत्।
पाणिं पाणौ विनिष्पिष्य दन्तान् कटकटाय्य च॥
लोचने कोपसंरक्ते वर्णं पूर्वोचितं जहत्।
कोपाभिभूतः सहसा संतापमशुभं गतः॥
मनः समीक्षमाणश्च सूतो दशरथस्य च।
कम्पयन्निव कैकेय्या हृदयं वाक्शरैः शितैः॥
वाक्यवज्रैरनुपमैर्निर्भिन्दन्निव चाशुभैः।
कैकेय्याः सर्वमर्माणि सुमन्त्रः प्रत्यभाषत॥
न ह्यकार्यतमं किञ्चित्तव देवीह विद्यते।
पतिघ्नीं त्वामहं मन्ये कुलघ्नीमपि चान्ततः॥
आश्चर्यमिव पश्यामि यस्यास्ते वृत्तमीदृशम्।
आचरन्त्या न विदृता सद्यो भवति मेदिनी॥
(अयोध्याकाण्ड ३५, १-६, २४)

किन्तु 'प्रतिमा' का सुमन्त्र सौम्यस्वभाव और शान्त व्यक्ति है जो दैवदुर्विपाक पर भले ही क्रुद्ध हो, कैकेयी पर नहीं।

'प्रतिमा' का रस

'प्रतिमा' रूपक का वह भेद है जिसे नाटक कहा जाता है। नाटक में रस-भाव की ही दृष्टि से चरित्र-चित्रण और इतिवृत्त-निर्माण दोनों हुआ करते हैं। 'प्रतिमा' के 'रस' के सम्बन्ध में भासनाटक के विचारशील विद्वानों में मतभेद है। महामहोपाध्याय डॉक्टर गणपति शास्त्री के अनुसार 'प्रतिमा' का मुख्य रस वीररस है जिसे 'धर्मवीर रस' कहना चाहिये और 'प्रतिमा' में जो करुणरस की अभिव्यक्ति है वह इसी 'धर्मवीर' की अभिव्यक्ति का अङ्ग है। किन्तु प्रोफेसर ध्रुव की दृष्टि में 'प्रतिमा' का मुख्य अथवा अङ्गी रस करुण है।

वस्तुतः रसाभिव्यक्ति की दृष्टि से करुण रस ही 'प्रतिमा' का मुख्य रस है। प्रथम अङ्क (पृ० २४) में सीता और राम का वल्कल के साथ मनोविनोद—

'आदर्शे वल्कलानीव किमेते सूर्यरश्मयः।
हसितेन परिज्ञातं क्रीडेयं नियमस्पृहा॥

और साथ ही साथ लक्ष्मण का क्रोध (पृ० ३४)—

'यदि न सहसे राज्ञो मोहं धनुः स्पृश मा दया
स्वजननिभृतः सर्वोऽप्येवं मृदुः परिभूयते ।
अथ न रुचितं मुञ्च त्वं मामहं कृतनिश्चयो,
युवतिरहितं कर्तुं यतश्छलिता वयम् ॥

करुण रस का ही प्रादुर्भाव परिपोष का उपाय मात्र है।

द्वितीय अङ्क तो करुण रस से ओतप्रोत है ही।

तृतीय अङ्क (पृ० ७२) में भरत की स्वजन दर्शन की यह उत्सुकता—

पतितमिव शिरः पितुः पादयोः स्निग्धतेवास्मि राज्ञा समुत्थापितः
त्वरितमुपगता इव भ्रातरः क्लेदयन्तीव मामश्रुभिर्मातरः।
सदृश इति महानिति व्यायतश्चेति भृत्यैरिवाहं स्तुतः सेवया
परिहसितमिवात्मनस्तत्र पश्यामि वेषं च भाषां च सौमित्रिणा ॥

[सहृदय सामाजिक में जिस विचित्रता से करुण रस का सञ्चार करती है वह अन्यत्र सुलभ नहीं। 'प्रतिमागृह' में भरत का प्रतिमा-दर्शन और कलाविनोद करुण रस की एक नयी ही उद्भावना है। चतुर्थ अङ्क में जो करुण का विराम है और पञ्चम अङ्क में जो रावण के चरित्र में विस्मय-भाव का प्रकाशन है वह सब सीतापहार की दुखद घटना में पर्यवसित होकर करुण का ही परिपोषक बना दिखाई देता है।

उत्तररामचरित का करुण काव्यव्यङ्ग्य करुण रस है किन्तु 'प्रतिमा' का करुण नाट्यव्यङ्ग्य करुण रस है। वैसे तो भवभूति ने भी 'उत्तररामचरित' को नाटकरूप में ही रचा है किन्तु वहाँ जो करुण की अवतारणा है वह कविता का कार्य है। 'प्रतिमा' में करुण रस कविता द्वारा नहीं अपितु नाटक द्वारा अभिव्यक्त किया गया है। नाटक की मुख्य घटना 'प्रतिमागृह' और प्रतिमा-दर्शन में भरत की उत्सुकता-जिसकी स्मृति नाटक के नामकरण में सुरक्षित रखी गयी है—बिना काव्यमय करुण सन्दर्भों के ही करुण रस की उद्गमभूमि बनी प्रतीत हुआ करती है।

'प्रतिमा' का नायक

प्रतिमा नाटक के आलोचक विद्वानों की दृष्टि में 'राम' प्रतिमानाटक के नायक हैं। डाक्टर गणपति शास्त्री का कहना है :—

'In the Pratima, however, the central Rasa that runs through it, is the Dharmavira mingled with Karuna Rasa–the Dharmavira manifesting itself in the enthusiasm displayed by the hero (Bama) in cherishing the single thought of carrying out the Dharma i. e, fulfilling the mandates of his royal father'–Pratima : Introduction-

जिसका अभिप्राय यही है कि राम को नायक मान कर नाटककवि ने अपने नाटक में धर्मवीर रस की पूर्णरूप से अभिव्यक्ति की है। किन्तु ऐसा लगता है कि नाटककार को यहाँ करुणरस की ही अभिव्यक्ति अभिप्रेत है और इस दृष्टि से भरत ही इस नाटक के नायक रूप में चित्रित हैं।

रामायण में भरत का जो उदात्त चरित्र है उसकी छाप 'प्रतिमा' पर सर्वत्र पड़ी दिखाई देती है। यद्यपि इस नाटक के प्रथम अङ्क (पृ० ३७) में 'भरत' का दर्शन नहीं होता किन्तु राम की इस उक्ति अर्थात्—

'ताते धनुर्न मयि सत्यमवेक्षमाणे
मुञ्चानि मातरि शरं स्वधनं हरन्त्याम्।
दोषेषु बाह्यमनुजं भरतं हनानि
किं रोषणाय रुचिरं त्रिषु पातकेषु॥'

में भरत के व्यक्तित्व का धुँधला चित्र सहृदय सामाजिकों की अन्तर्दृष्टि के आगे अवश्य उपस्थित किया गया है। दूसरे अङ्क (पृ० ६४) में भी भरत को सहृदय सामाजिक नहीं देखते किन्तु राजा दशरथ की इस उक्ति अर्थात्—

'गतो रामः प्रियं तेऽस्तु त्यक्तोऽहमपि जीवितैः।
क्षिप्रमानीयतां पुत्रः पापं सफलमस्त्विति॥'

में वे भरत की प्रतीक्षा में उत्सुक अवश्य हो उठते हैं। सहृदय सामाजिकों की उत्सुकता तीसरे अङ्क में भरत को देखकर शान्त हो जाती है। तीसरे अङ्क (पृ० ७०) में भरत का जो करुण चित्र सहृदय सामाजिक के सामने आता है वही अन्त तक नये-नये दृष्टिकोणों से दीखता चला करता है। सुमन्त्र के साथ भरत की जो उक्ति-प्रत्युक्ति है:—

भरतः—पितुर्मे को व्याधिः।
सूतः—हृदयपरितापः खलु महान्।
भरतः—किमाहुस्तं वैद्याः।
सूतः—न खलु भिषजस्तत्र निपुणाः।
भरतः—किमाहारं भुङ्क्ते शयनमपि।
सूतः—भूमौ निरशनः।
भरतः—किमाशा स्यात्।
सूतः—दैवं।
भरतः—स्फुरति हृदयं वाहय रथम्।

उसमें भरत का पिता के प्रति स्नेह शोक की एक तीव्र व्यथा से लिपटा प्रतीत हो रहा है। भरत का व्यक्तित्व एक शोकाकुल महापुरुष का व्यक्तित्व है और इस व्यक्तित्व में तन्मय सामाजिक को इस नाटक के अन्य चरित्रों का व्यक्तित्व भी करुण-व्यक्तित्व ही लगा करता है।

सुमन्त्र की यह उक्ति (पृ० ८७)—

सुमन्त्रः—इत इतो भवत्यः—

इदं गृहं तत् प्रतिमानृपस्य नः समुच्छ्रयो यस्य स हर्म्यदुर्लभः।
अयन्त्रितैरप्रतिहारिकागतैर्विना प्रणामं पथिकैरुपास्यते ॥

(प्रविश्यावलोक्य)

भवत्यः ! न खलु न खलु प्रवेष्टव्यम्–अयं हि पतितः कोऽपि वयस्स्थ इव पार्थिवः।

देवकुलिकः—परशङ्कामलं कर्तुं गृह्यतां भरतो ह्ययम् ॥

राजा दशरथ की प्रतिमा–दशरथ सिद्ध करने के लिए नहीं अपितु भरत को करुण रस की प्रतिमा सिद्ध करने के लिए है। भरत का कैकेयी के प्रति यह क्षोभ (पृ० ९५)-

'अयशसि यदि लोभः कीर्तयित्वा किमस्मान्, किमु नृपफलतर्षः किं नरेन्द्रो न दद्यात्।
अथ तु नृपतिमातेत्येष शब्दस्तवेष्टो, वदतु भवति ! सत्यं किं तवार्यो न पुत्रः ॥

वस्तुतः भरत के शोक का ही एक प्रकाशन प्रकार है।

चतुर्थ अङ्क (पृ० १०४) में भरत का व्यक्तित्व भरत के शब्दों में स्वयं प्रकाशित है :—

'निर्घृणश्च कृतघ्नश्च प्राकृतः प्रियसाहसः।
भक्तिमानागतः कश्चित् कथं तिष्ठतु यात्विति ॥'

छठे अङ्क (पृ० १५५) मे भरत की यह उक्ति—

भरतः—तात ! अपि दृष्टस्त्वया लोकाविष्कृतपितृस्नेहः। अपि दृष्टं द्विधाभूतमरुन्धतीचारित्रम्। अपि दृष्टं त्वया निष्कारणावहितवनवासं सौभ्रात्रम्।

भरत के करुण महान् व्यक्तित्व को और भी स्पष्टतया प्रकट कर देती है। भरत का कैकेयी से यह कहना (पृ० १६६)—

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि। आपृच्छाम्यत्रभवतीम्। अद्यैवाहमार्यस्य साहाय्यार्थं कृत्स्नं राजमण्डलमुद्योजयामि। अयमिदानीं—

वेलामिमां मत्तगजान्धकारां करोमि सैन्यौघनिवेशनद्धाम्।
बलैस्तरङ्गैश्च नयामि तुल्यं ग्लानिं समुद्रं सह रावणेन ॥

जो रामायण में असम्भव है, भरत की कर्त्तव्यनिष्ठा की तो सूचना देता ही है किन्तु साथ ही साथ भरत के करुण व्यक्तित्व को भी झलका जाता है।

सप्तम अङ्क (पृ० १७७) में सहृदय सामाजिक भरत को अवश्य प्रसन्न देखते हैं—

भरतः—आर्य ! अभिवादये भरतोऽहमस्मि।

रामः—एह्येहि वत्स ! इक्ष्वाकुकुमार ! स्वस्ति, आयुष्मान् भव।

वक्षः प्रसारय कवाटपुटप्रमाण-
मालिङ्ग मां सुविपुलेन भुजद्वयेन।

उन्नामयाननमिदं शरदिन्दुकल्पं
प्रह्लादय व्यसनदग्धमिदं शरीरम् ॥

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्ये ! अभिवादये, भरतोऽहमस्मि ।

सीता—आर्यपुत्रेण चिरसञ्चारी भव ।

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! अभिवादये ।

लक्ष्मणः—एह्येहि वत्स ! दीर्घायुर्भव । परिष्वजस्व गाढम् ।

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! प्रतिगृह्यतां राज्यभारः ।

किन्तु भरत की यह प्रसन्नता करुणा की ही प्रसन्नता है । नाटक को सुखान्त होना चाहिये । भरत की करुणा यद्यपि हँस रही है तथापि वह करुणा ही है ।

'प्रतिमा' और अभिज्ञानशाकुन्तल

भासकृत 'प्रतिमा' की मधुर कल्पना ने महाकवि कालिदास को कम प्रभावित नहीं किया । 'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क में वल्कलावृता सीता के सम्बन्ध में अवदातिका की जो उक्ति है :—

'भट्टिनि ! सर्वशोभनीयं सुरूपं नाम' (पृ० १२)

उसीकी भावना अभिज्ञानशाकुन्तल में कालिदास की इस स्मरणीय उक्ति की प्रेरणा है:—

'सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं, मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति ।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी, किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ॥

(अभिज्ञानशाकुन्तल १.१७)

'प्रतिमा' के पञ्चम अङ्क (पृ० १२७) में पेड़-पौधों को पानी से पटाती सीता का जो सुन्दर चित्र है—

'योऽस्याः करः श्राम्यति दर्पणेऽपि स नैति खेदं कलशं वहन्त्याः ।
कष्टं वनं स्त्रीजनसौकुमार्यं समं लताभिः कठिनीकरोति ॥'

उसी के आधार पर सम्भवतः महाकवि कालिदास ने शकुन्तला का यह चित्र खींचा है :—

'इदं किलाव्याजमनोहरं वपुः तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति ।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया समिल्लतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति ॥'

(अभिज्ञानशाकुन्तल १. १७)

'प्रतिमा' के पञ्चम अङ्क (पृ० १३८) की यह मधुर कल्पना—

'आपृच्छ पुत्रकृतकान् हरिणान् द्रुमांश्च, विन्ध्यं वनं तव सखीर्दयिता लताश्च ।'

अभिज्ञानशाकुन्तल की इस कल्पना में अपने पूर्ण माधुर्य में उभर उठी है—

'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।

आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥

(अभिज्ञान शाकुन्तल ४. ८)

'प्रतिमा' के सप्तम अङ्क (पृ० १७३) में राम की सीता के प्रति यह उक्ति :—

अभ्युपलक्ष्यतेऽस्य सप्तपर्णस्याधस्तात् शुक्लवाससं भरतं दृष्ट्वा परित्रस्तं मृगयूथमासीत् ।'

अभिज्ञान शाकुन्तल के पञ्चम अङ्क में शकुन्तला की दुष्यन्त के प्रति इस उक्ति में झलक रही है :—

'नन्वेकस्मिन् दिवसे नवमालिकामण्डपे नलिनीपत्रभाजनगतमुदकं तव हस्ते सन्निहितमासीत् ।...तत्क्षणे स मे पुत्रकृतको दीर्घापाङ्गो नाम मृगपोतक उपस्थितः । त्वयाऽयं तावत् प्रथमं पिबत्वित्यनुकम्पितोपच्छन्दित उदकेन । न पुनस्तेऽपरिचयाद्धस्ताभ्याशमुपगतः । पश्चात्तस्मिन्नेव मया गृहीते सलिलेऽनेन कृतः प्रणयः । तदा त्वमित्थं प्रहसितोऽसि-सर्वः सगन्धेषु विश्वसिति । द्वावप्यारण्यकाविति ।'

ऐसा लगता है कि भास की रेखा-रचना को कालिदास की कविप्रतिभा ऐसा उन्मीलित कर देती है कि देखने वाले चित्र देखने में ही मुग्ध हो जाते हैं और उसके पूर्वरूप को देखना नहीं चाहते ।

प्रतिमा और उत्तररामचरित

'प्रतिमा' की 'प्रतिमा-कल्पना' ने उत्तररामचरित की 'चित्र-वीथी' की कल्पना को भी प्रभावित किया है । यद्यपि उत्तररामचरित की 'चित्रवीथी'-कल्पना संस्कृत काव्य-साहित्य में एक अद्भुत कल्पना है और ऐसी कल्पना है जो चित्र और काव्यकला दोनों के गठबन्धन की एक अभूतपूर्व कल्पना है किन्तु इसकी सृष्टि भास की 'प्रतिमा'-कल्पना के कारण ही संभवतः हुई है । यद्यपि-उत्तररामचरित की 'चित्रवीथी' की यह सुन्दरता :—

'अयं तावद्बाष्पस्त्रुटित इव मुक्तामणिसरो, विसर्पन्धाराभिर्लुठति धरणीं जर्जरकणः ।
निरुद्धोऽप्यावेगः स्फुरदधरनासापुटतया, परेषामुन्नेयो भवति चिरमाध्मातहृदयः ॥

(उत्तररामचरित १. २९)

'प्रतिमा' में कहीं नहीं, और हो भी नहीं सकती, क्योंकि आँसू का अंकन संगीत और चित्र तथा काव्य की कलाएँ ही कर सकती हैं—मूर्तिकला नहीं, किन्तु तब भी 'प्रतिमा' की 'प्रतिमा-कल्पना' उत्तररामचरित की 'चित्र-कल्पना' की एक प्रबल प्रेरणा अवश्य है ।

'प्रतिमा' में अलङ्कार-योजना

'प्रतिमा' में अलङ्कार–योजना की वही विशेषता है जो भास के 'स्वप्नवासवदत्तम्' किंवा 'अविमारक' आदि में दिखाई देती है। भास का परमप्रिय अलङ्कार 'उपमा' अलङ्कार है। कालिदास तो उपमा के प्रयोग और उपयोग में सिद्धहस्त प्रसिद्ध ही हैं, किन्तु भास की 'उपमा' भी अपनी स्वाभाविकता और प्रभावमयता का प्रदर्शन किया ही करती है। 'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क (पृ. ४१) लक्ष्मण की यह उक्ति :—

'अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा, पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च।
त्यजति न च करेणुः पङ्कलग्नं गजेन्द्रं, व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः ॥'

'अर्थान्तरन्यास' के सदुपयोग का एक दृष्टान्त अवश्य है, किन्तु इसमें भी 'उपमानोपमेयभाव' का ही सौन्दर्य छिपा झलक रहा है। यह 'अर्थान्तरन्यास' नीरस नहीं अपितु सरस है।

'प्रतिमा' के तृतीय अङ्क (पृ. ८४) में भरत की इस उक्तिः—

'अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम्।
पिपासार्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ॥'

में 'उपमा' की जो योजना है उसमें भरत की विकल मनःस्थिति का दर्शन स्पष्ट हो रहा है।

भास की 'उत्प्रेक्षा' भी 'प्रतिमा' में बड़ी प्रभावपूर्ण बन पड़ी है। द्वितीय अङ्क (पृ. ४७) में महाराज दशरथ के इस वर्णन :—

'मेरुश्चलन्निव युगक्षयसन्निकर्षे शोषं व्रजन्निव महोदधिरप्रमेयः।
सूर्यः पतन्निव च मण्डलमात्रलक्ष्यः शोकाद् भृशं शिथिलदेहमतिर्नरेन्द्रः ॥'

में जो 'उत्प्रेक्षा' है, उसमें महराज दशरथ और उनके पुत्रशोक—दोनों की महानता और गम्भीरता का स्पष्ट अङ्कन प्रतीत हो रहा है।

'प्रतिमा' के प्रथम अङ्क (पृ. ४१) में भास ने 'वल्कल' पर यह रूपक-रचना की है :—

'तपःसंग्रामकवचं नियमद्विरदाङ्कुशः।
खलीनमिन्द्रियाश्वानां गृह्यतां धर्मसारथिः ॥'

किन्तु इसकी सुन्दरता इसलिये आकर्षक है कि इसके पहले (पृ. २४ में) भास ने 'वल्कल' को 'ससन्देह' अलङ्कार से अलङ्कृत कर दिया है :—

'आदर्शे वल्कलानीव किमेते सूर्यरश्मयः।
हसितेन परिज्ञातं क्रीडेयं नियमस्पृहा ॥'

राम के लिये 'वल्कल' पहले तो मनोविनोद का साधन बना और बाद में ही 'तपःसंग्रामकवच' आदि रूप में निखरा। अलङ्कार चरित-चित्रण में भी साधन है—यह यहाँ स्पष्ट प्रतीत हो रहा है।

महाकवि भास

काल-निर्णय

भारत के साहित्यिक इतिहास की सबसे बड़ी कठिनाई कवियों और काव्यप्रकृतियों का काल-निर्णय है। महाकवि कालिदास भारत के कविसम्राट् हैं किन्तु अभी तक इनके भी युग के सम्बन्ध में मतभेद चल ही रहे हैं। महाकवि कालिदास ने 'भास' का आदर-पूर्वक स्मरण किया है। कालिदास के पहले भास की नाटक-कृतियों का बोलबाला अवश्य रहा होगा। अन्यथा कालिदास को भास की स्मृति क्योंकर हो पाती! किन्तु तब भी भास के काल-निरूपण में एक का मत दूसरे से नहीं मिलता।

भास का समय भिन्न-भिन्न विद्वान् भिन्न-भिन्न मानते आ रहे हैं—म० म० गणपति शास्त्री, म० म० हरप्रसाद शास्त्री आदि विद्वानों की दृष्टि से भास का समय यदि ६००–४०० ई० पूर्व का होना चाहिये तो म० म० डाक्टर काणे, म० म० रामावतार शर्मा आदि विद्वानों के मत में ईसा की ९ वीं १० वीं शताब्दी। डाक्टर काशीप्रसाद जायसवाल, प्रिंसिपल ध्रुव आदि ऐतिह्यविद् भास को यदि २ री–१ ली शताब्दी पूर्व का सिद्ध करना चाहते हैं तो डाक्टर बार्नेट, प्रोफेसर देवधर आदि विद्वान् ईसा की ७ वीं शताब्दी का भास को ईसा की २ री, ३ री, ४ थी, ५ वीं और छठी शताब्दी में स्थान देने वालों का भी अपना-अपना मत और अपना-अपना दल है। तात्पर्य यही है कि भास के युग के अनिर्णय में जितना संदेह नहीं उतना निर्णय में है।

भास का काल-निर्णय तभी संभव है जब कौटिल्य, शूद्रक, कालिदास और अश्वघोष का काल-निर्णय निःसन्दिग्ध हो जाय। ६ ठी–७ वीं शताब्दी के बाद तो भास को रखा ही नहीं जा सकता, क्योंकि महाकवि बाण के द्वारा भास और भास नाटकचक्र, भास नाटक की विशेषता आदि के निर्देश एक समस्या बन जायेंगे। कालिदास के पहले भास का होना अनिवार्यरूप से आवश्यक है, क्योंकि कालिदास ने भास का नामोल्लेख किया है जिसका कारण है कालिदास के पूर्व भास की नाट्यकृतियों की प्रसिद्धि।

नाट्य-रचना की दृष्टि से भास का समय कालिदास से बहुत पहले का होना चाहिये। भास की नाटक-कृतियों पर भरतकृत नाट्यशास्त्र का प्रभाव नहीं दिखाई देता किन्तु कालिदास की नाटक-कृतियाँ भरतमुनि की नाट्य-परम्परा में आ जाती हैं। म० म० गणपति शास्त्री ने भास की नाटक-रचना पर भगवान् पाणिनि द्वारा निर्दिष्ट 'नटसूत्र' के सम्प्रदाय के प्रभाव का अनुमान किया है। भास यदि पाणिनि के पूर्ववर्ती

न भी हों, क्योंकि अष्टाध्यायी पर भासकृत प्रयोगों की कोई छाप नहीं दिखाई देती, तब भी इतना तो माना जा सकता है कि भास के नाटक भरतमुनिकृत नाट्यशास्त्र की मर्यादा से पहले की नाट्य मर्यादा का अनुसरण करते हैं।

भास को भगवान् बुद्ध का पूर्ववर्ती मानना, जैसा कि म० म० गणपति शास्त्री का कहना है, ठीक नहीं जँचता, क्योंकि भास के नाटकों में 'शाक्यश्रमणक', 'नग्न श्रमणिका' आदि-आदि प्रयोग बहुधा आये हैं।

भास के नाटकों में जिस सामाजिक परिस्थिति का चित्रण है वह कालिदास के नाटकों में चित्रित सामाजिक परिस्थिति से पर्याप्त रूप से प्राचीन है। 'प्रतिमा' नाटक में प्रतिमागृह की प्राङ्गणभूमि में 'वालुका' (बालू) का छींटना जो वर्णित है उसके आधार पर म० म० हरप्रसाद शास्त्री का अनुमान है कि भास ५ वीं शताब्दी ई० पूर्व के रहे होंगे क्योंकि आपस्तम्ब (६०० ई० पूर्व) ने ही 'वालुकास्तरण' का उल्लेख किया है और किसी गृह्यसूत्रकार ने नहीं। भास के 'अविमारक' में जिस प्रकार के वैवाहिक सम्बन्ध का निर्देश है उसे मनुस्मृति युग में अवैध माना गया है। इसके आधार पर भी भास का युग मनुस्मृति (२ री शताब्दी ई० पूर्व) का पूर्ववर्ती सिद्ध किया जाता है।

भास के नाटकों में बौद्ध और जैन धर्म के प्रति कोई सद्भावना का भाव नहीं दिखाई देता, प्रत्युत जो भी धार्मिक आदर्श प्रस्तुत किया गया है वह वैदिक धर्म का ही आदर्श है—भास की प्राचीनता में यह भी एक प्रमाण है।

भास के नाटकों में प्रतिबिम्बित सामाजिक जीवन कौटिलीय अर्थशास्त्र की राजनीति की पृष्ठभूमि-सा लगता है। अर्थशास्त्र में मदिरा-गृह और उसके राजकीय संरक्षण का उल्लेख भास के प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण (अङ्क ४ प्रवेशक) की इन पंक्तियों में स्पष्टतया निर्दिष्ट है:—

गात्रसेवक:—क इदानीमेषोऽत्र राजमार्गे गात्रसेवक ! गात्रसेवक ! इति मां शब्दापयति ? पानागारान्निष्क्रान्तो दृष्टोऽस्मि मम श्वशुरेण सुरुष्टेन। अमृतमझकेन घृतमरिचलवणरूषितो मांसखण्डो मुखे प्रक्षिप्तश्च। स्नुषा रज्यति पीता यदि। श्वश्रूर्ननु दण्डोद्यता भवति।

धन्याः सुराभिर्मत्ता धन्याः सुराभिरनुलिप्ताः।
धन्याः सुराभिः स्नाता धन्याः सुराभिः संज्ञापिताः॥

अर्थशास्त्र में, बड़े-बड़े नगरों में किन्हीं विशेष अवसरों पर नागरिकों के रात्रि-भ्रमण के प्रतिबन्ध (कर्फ्यू) का जो सङ्केत है और उसके लिए तूर्यवादन के द्वारा सबको सूचित करने का जो विधान है उसका चित्र भास के नाटक 'चारुदत्त' में स्पष्ट चित्रित है:—

विदूषक—भो वयस्य ! कः कालः कृतपरिघोषणतया निःसम्पाता राजमार्गाः।

कौटिल्य अर्थशास्त्र और भासनाटक-चक्र में उभयसामयिक जीवन का जो चित्र है उसके आधार पर भास को ईस्वी पूर्व का ही महाकवि मानना अनिवार्य हो जाता है।

कालिदास के पूर्ववर्ती भास को आज-कल उपलब्ध नाटकचक्र की कृति से सम्बद्ध अथवा असम्बद्ध सिद्ध करने के भी अनेकानेक प्रयत्न किये जा चुके हैं। किन्तु इतना निश्चित है कि आलङ्कारिकों द्वारा नामग्रहण के साथ उद्धृत 'स्वप्नवासवदत्त' यदि भासकृत है तो अन्य उपलब्ध १२ नाटक भी भासकृत ही होने चाहियें। भास की कृति के रूप में प्रसिद्ध 'स्वप्नवासवदत्त' आदि तेरहों नाटक एक प्रतिभाशाली नाटक कवि की रचनायें हैं न कि किसी प्राचीन नाटक-मण्डली के द्वारा अभिनय के लिये संगृहीत रूपक-वस्तुयें। डाक्टर विंटरनिट्ज का इसीलिये कहना है:—

'Plays like ऊरुभङ्ग, पञ्चरात्र and बालचरित, to say nothing of such works as the स्वप्नवासवदत्त and प्रतिज्ञायौगन्धरायण or अविमारक are original works and cannot by any stretch of the term be designated as 'Compilations.'

भास की शैली

भास की शैली संस्कृत नाटक की आदर्शशैली कहना चाहिये। नाट्याचार्यों ने जिसे 'भारती वृत्ति' कहा है उसमें आधुनिक नाट्य-मर्यादा का Dialogue (कथनोपकथन अथवा संवाद) अन्तर्भूत प्रतीत होता है। भास के नाटकों की जो 'भारती वृत्ति' है वह दूसरे संस्कृत नाटकों में दुर्लभ है। म० म० गणपति शास्त्री का कहना है:—

'The superior excellence of sentences which are not subject to the restrictions of verification is everywhere to be observed in these Rupakas. It really surpasses in grandeur, the style of other works and is incomparable, अर्थात् भास के नाटकचक्र में वाक्य-योजना की जो विशेषतायें हैं उनका अनुकरण नहीं हो सकता और न उन्हें अन्यत्र पाया ही जाता है।

भास की भाषा बोलचाल की संस्कृत भाषा है। भास की भाषा की स्वाभाविकता कालिदास की भाषा में नहीं। भास की भाषा पहाड़ी निर्झरिणी-सी स्वच्छन्द होते हुए सरल है किन्तु कालिदास की भाषा गङ्गा की धारा-सी संयत और सुन्दर है।

भास ने अपने नाटकों में चरित्रों के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया है। कालिदास के नाटकों में काव्यात्मकता की सुन्दरता स्थान-स्थान पर मिलती है किन्तु भास के नाटक नाटकीयता से पूर्ण हैं। भास को भारती-वृत्ति—संवाद-रचना—का अद्वितीय कलाकार कहना कोई अत्युक्ति नहीं होगी। भास की शैली के सम्बन्ध में यह उक्ति:—

'He is terse and sparse in his expression. He tells us more by the things he does not say than by the things he says. He is the master

of silence.' अर्थात् 'भास की शब्दार्थ-योजना अभिव्यञ्जना से ओतप्रोत है' सर्वथा युक्ति-युक्त है। प्रत्येक रस-भाव के अनुकूल, देश और काल के अनुसार भास की भाषा का प्रवाह देखते ही बनता है।

भास की रस-योजना

अलङ्कारशास्त्र में 'रस' को नाट्य और काव्य की आत्मा कहा गया है। भास की नाटक-कृतियों में रसरूपी आत्मतत्त्व सर्वत्र झलकता है। भास की रचना एक रसासिद्धहृदय कवि की रचना है और इसीलिये उसमें शब्द-ग्राम, अर्थ-सार्थ उक्ति-वैखरी, कल्पना-वैचित्र्य सभी के सभी स्वभावतः खिंचे चले आये हैं। भास को वीर, वात्सल्य, हास्य, अद्भुत, रौद्र और करुणरस पर अधिकार है। भास की शृङ्गार रस की भी नाट्य-कृतियाँ हैं, जिनमें रति अथवा प्रेम का भाव अत्यन्त उत्कृष्ट रूप का अभिव्यक्त हुआ है।

भास की रस योजना में अलङ्कार कहीं भी बाधक नहीं प्रतीत होते। उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक और अर्थान्तरन्यास—इन कतिपय अलङ्कारों की योजना भास की रससिद्ध रचनाओं की एक सुन्दरता है। कालिदास ने भास की नाटक-कृतियों की शाला में अलङ्कार-योजना का अध्ययन किया है। कालिदास की अलङ्कार-योजना की सुन्दरता का बहुत् कुछ श्रेय इस दिशा में भास के मार्ग-प्रदर्शन को है। डाक्टर ए. बी. कीथ की यह उक्ति :—

His practical appreciation of the merits of the dramatist (Bhasa) with whose established fame his (Kalidasa's) nascent genius had to contend. अर्थात् 'कालिदास ने भास की विशेषताओं का अपने में आधान किया है क्योंकि कालिदास की उदीयमान कवि-प्रतिभा को भास की चमकती प्रतिभा का सामना करना पड़ा है' कोई अत्युक्ति नहीं।

भास का प्रकृतिवर्णन

भास का प्रकृति–निरीक्षण सूक्ष्म और व्यापक दोनों है। सूक्ष्म इसलिये है कि प्रत्येक दृश्य केवल रेखानिवेश के रूप में नहीं अपितु पूर्ण चित्र के रूप में अङ्कित हुए हैं और व्यापक इसलिये कि भास की नाटक-कृतियों में प्रकृति के अनेक दृश्य एक के बाद एक आया-जाया करते हैं। 'स्वप्नवासवदत्त' (१. १६) में सायंकाल का यह चित्रण :—

'खगा वासोपेताः सलिलमवगाढो मुनिजनः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद्रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम्॥'

जितना स्वाभाविक है उतना ही सुन्दर और सरस भी है।

कालिदास की कृतियों में प्रकृति और मानव का जो घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित दिखायी देता है और प्रकृति के दृश्य मानव-हृदय के प्रति सान्त्वना और समवेदना के भावों से जो ओत-प्रोत लगते हैं उन सब का पूर्वरङ्ग भास की नाट्य-कृतियाँ हैं। भास ने अपने नाटक में अविमारक के वियोग-दुःख में निदाघ को संतप्त चित्रित किया है :—

'अत्युष्णा ज्वरितेव भास्करकरैरापीतसारा मही
यक्ष्मार्त्ता इव पादपाः प्रमुषितच्छाया दवाग्न्याश्रयात्।
विक्रोशन्त्यवशाद्विवोष्छ्रितगुहाव्यात्ताननाः पर्वता
लोकोऽयं रविपाकनष्टहृदयः संयाति मूर्च्छामिव॥' (अविमारक ४.४)

इसी प्रकार 'अविमारक' की प्रसन्नता में प्रकृति भी प्रसन्नता से फूली नहीं समाती :—

व्यामृष्टसूर्यतिलको विततोडुमालो नष्टातपो मृदुमनोहरशीतवातः।
संलीनकामुकजनः प्रविकीर्णशूरो वेषान्तरं रचयतीव मनुष्यलोकः॥'
(अविमारक २. १३)

कालिदास ने आकाशमार्ग से इन्द्र-रथ पर चलते हुए महाराज दुष्यन्त के द्वारा देखे गये भूलोक के दृश्य का जो सच्चा और स्वाभाविक चित्र उपस्थित किया है :—

'शैलानामवरोहतीव शिखरादुन्मज्जतां मेदिनी
पर्णाभ्यन्तरलीनतां विजहति स्कन्धोदयात् पादपाः।
संतानैस्तनुभावनष्टसलिला व्यक्तिं भजन्त्यापगाः
केनाप्युत्क्षिपतेव पश्य भुवनं मत्पार्श्वमानीयते॥' (शाकुन्तल ७.८)

उसकी रेखा भास के अविमारक (४.११) में ही बन चुकी है :—

'शैलेन्द्राः कलभोपमा जलधयः क्रीडातटाकोपमा
वृक्षाः शैवलसन्निभाः क्षितितलं प्रच्छन्ननिम्नस्थलम्।
सीमन्ता इव निम्नगाः सुविपुलाः सौधाश्च बिन्दूपमा
दृष्टं वक्त्रमिवावभाति सकलं संक्षिप्तरूपं जगत्॥'

महाकवि कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल (१.९) में द्रुतगतिगामी रथ पर आरूढ़ दुष्यन्त के द्वारा देखे गये प्राकृतिक दृश्यों का यह वर्णन :—

'यदालोके सूक्ष्मं व्रजति सहसा तद्विपुलतां
यदर्धे विच्छिन्नं भवति कृतसंधानमिव तत्।
प्रकृत्या यद्वक्रं तदपि समरेखं नयनयो-
र्न मे दूरे किञ्चित् क्षणमपि न पार्श्वे रथजवात्॥'

अपनी स्वाभाविकता में जितना सुन्दर है उतना ही भास के प्रतिमानाटक (पृ. ७१) में तीव्रगामी रथ पर आरूढ़ भरत के द्वारा देखे गये प्राकृतिक दृश्यों का यह वर्णन भी स्वभाव-मनोहर है :—

'द्रुमा धावन्तीव द्रुतरथगतिक्षीणविषया
नदीवोद्वृत्ताम्बुर्निपतति मही नेमिविवरे।
अरव्यक्तिर्नष्टा स्थितमिव जवाच्चक्रवलयं
रजश्चाश्वोद्धूतं पतति पुरतो नानुपतति ॥'

भासकृत रात्रि-वर्णन और संतमस-वर्णन वास्तविकता और कलात्मकता का बड़ा सुंदर संमिश्रण है। भास ने 'अविमारक' (२. १२) में 'सांध्यवेला' का जो चित्र खींचा है :—

'पूर्वा तु काष्ठा तिमिरानुलिप्ता सन्ध्यारुणा भाति च पश्चिमाशा।
द्विधा विभक्तान्तरमन्तरिक्षं यात्यर्धनारीश्वररूपशोभाम् ॥

वह संस्कृत काव्य-साहित्य में अपनी स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति में अनुपम है।

भास की प्रमुख विशेषता

भास का अधिकार नाट्यकला पर है। नाट्य-कला का चरितचित्रण-कला अत्यन्त आवश्यक अङ्ग है। यह चरितचित्रण-कला भास की सबसे बड़ी विशेषता है। भास के नाटकों में क्या देव और क्या मनुष्य सभी उपस्थित हैं। सबका चित्रण भास ने किया है और इस ढङ्ग से किया है जिसमें सहृदय सामाजिक उन्हें अनायास अपना सकें।

भास का चरित-चित्रण मनोवैज्ञानिक है। मानवहृदय के अन्तर्द्वन्द्व के चित्रण में भास सिद्धहस्त हैं। भास ने प्रायः २३० चरित अपनी नाट्यकृतियों में चित्रित किये हैं। महाकवि बाण को भास की 'अनेक चरित चित्रण कला' का स्मरण है :—

'सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः। सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥'

भास की कल्पना द्वारा उद्भावित प्रत्येक चरित का अपना अपना व्यक्तित्व है। क्या छोटे और क्या बड़े सभी प्रकार के चरित इस प्रकार चित्रित्र हैं कि उन्हें पृथक्-पृथक् देखना सरल है।

भास का 'प्रतिमानाटक' भास की चरितचित्रणकला का एक प्रमुख निदर्शन है। 'प्रतिमा' में चित्रित राम और सीता आदि के चित्र में सहृदय सामाजिक अनायास तन्मय हो सकता है। कालिदास और बाण द्वारा उद्भावित चरितों की कल्पनाशक्ति, भवभूति द्वारा चित्रित चरितों की भावुकता और शूद्रक की प्रतिभा से प्रसूत चरितों की स्वाभाविकता— इन सबकी विशेषतायें भास के चरित-चित्रण में घुली-मिली हैं किन्तु तब भी भास का चरित-चित्रण भास का ही चरित-चित्रण है।

भास के नाटक-चक्र की कुछ विशेषतायें

भास की कृति के रूप में प्रसिद्ध नाटक चक्र में कई एक ऐसी विशेषताएँ देखी गई हैं जो अन्य नाटककारों की कृतियों में नहीं के बराबर हैं और जिनके आधार पर यह भी प्रमाणित होता है कि नाटक-चक्र एक नाटककार की रचना है। विशेषताओं में कतिपय मुख्य विशेषतायें निम्न हैं :—

(क) नाट्य रचना-सम्बन्धी समानता

भास के नाटक-चक्र में प्रत्येक नाटक 'नान्चन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' इस निर्देश से प्रारम्भ होता है जब कि कालिदास आदि के नाटकों में सूत्रधार के नान्दीपाठ के बाद 'नान्चन्ते'—यह निर्देश रहा करता है।

भास अपने नाटकों के प्रारम्भ का 'स्थापना' इस पारिभाषिक शब्द से सूचित किया करते हैं जब कि अन्य नाटककार अपने नाटकों के प्रारम्भ को 'प्रस्तावना' कहा करते हैं। भास के नाटकों की 'स्थापना' में नाटक अथवा नाटककार का नाम नहीं दिया गया जब कि और नाटकों में नाटक और नाटककार का नाम-निर्देश 'प्रस्तावना' के आवश्यक अङ्ग रूप से दिया गया है। भास के नाटकों की 'प्रशस्ति' (अन्तर्मङ्गल) प्रायः यही उक्ति है :—

'इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥'

जब कि अन्य संस्कृत नाटकों में एक ही नाटककार अपने भिन्न-भिन्न नाटकों के लिए भिन्न-भिन्न 'प्रशस्ति' का नियम रखता रहा है। भास के नाटकों की 'स्थापना' में यह संकेत प्रायः सर्वत्र दिखाई देता है :—'एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किं नु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग पश्यामि।'

(ख) भरतनाट्यशास्त्रभिन्न नाट्य-परम्परा

भास की नाट्य-परम्परा वह नहीं है जो कालिदास आदि की है। भास की नाट्य-परम्परा के सम्बन्ध में डाक्टर विंटरनिट्ज की इसीलिए यह उक्ति है :—

'(The plays of Bhasa) disregard the rules of the Natya Shastr in bringing scenes of tho stage which will never occur in classica dramas.' जिसका तात्पर्य यह है कि नाट्य के वे नियम जो संस्कृत नाटकों में पाले गये दिखाई देते हैं, भासकृत नाटकों में नहीं दिखाई देते। भास के नाटक तो नाट्यशास्त्र की मर्यादा से भिन्न नाट्य-मर्यादा का अनुसरण किया करते हैं। प्रतिमानाटक (२य अंक) में रङ्गमञ्च पर दशरथ की मृत्यु 'ऊरुभङ्ग' (२य अंक) में दुर्योधन की रङ्गमञ्च पर मृत्यु, 'स्वप्नवासवदत्त' (५म अंक) में रङ्गमञ्च पर निद्रा आदि—आदि बातें ऐसी हैं जो भरतनाट्य-शास्त्र की अभिनय-परम्परा के सर्वथा प्रतिकूल हैं।

नाट्यशास्त्र के अनुसार 'आर्यपुत्र'-यह सम्बोधन सेवक का स्वामी के प्रति नहीं अपितु पत्नी का पति के प्रति किया जाना अभिप्रेत है किन्तु भास के नाटकों में जैसे कि स्वप्न-वासवदत्त में ही सेवक भी स्वामी को 'आर्यपुत्र' कह कर सम्बोधित करता है।

भास के नाटकों में किसी प्रमुख नाटक पुरुष का आगमन प्रायः इन शब्दों से सूचित किया गया है:—'उत्सरत उत्सरत आर्या उत्सरत' जो कि अन्य संस्कृत नाटकों में नहीं है।

भास के नाटकों में सामाजिकों को घटना का सम्बन्ध 'काञ्चुकीय' की प्रायः इसी प्रकार की उक्ति से बताया गया है:—'क इह भोः! काञ्चन (रत्न) तोरणद्वारमशून्यं कुरुते।' जो कि अन्य संस्कृत नाटकों में नहीं है।

(ग) विचारों की समानता

नाटकचक्र में विचारसाम्य सर्वत्र दिखायी देता है जिसके आधार पर यह विश्वास स्वभावतः हो जाता है कि नाटक-चक्र एक कलाकार की कृति है।

नाटक-चक्र के कई एक नाटकों में 'बाहुदण्ड' को प्रकृतिसिद्ध अस्त्र कहा गया है:—

(१) बालचरित (३, ११)—

'गिरितटकठिनावेव बाहू प्रसैतौ, प्रहरणमपरं तु स्वादृशां दुर्बलानाम्॥'

(२) पञ्चरात्र (२, ५५)

'सहजौ मे प्रहरणं भुजौ पीनांसकोमलौ।
ताबाश्रित्य प्रयुध्येयं दुर्बलैर्गृह्यते धनुः॥

(३) अविमारक (२, ११)—

'वयमपि च भुजायुधप्रधानाः, किमिह सखे! भवतापि शङ्कनीयाः॥'

(४) मध्यमव्यायोग (१, ४२)—

'काञ्चनस्तम्भसदृशो रिपूणां निग्रहे रतः।
अयं तु दक्षिणे बाहुरायुधं सहजं मम॥'

नाटकचक्र में कई एक नाटकों में 'श्री' (लक्ष्मी) को 'साहस' के साथ प्रसन्न रहने वाली कहा गया है:—

(१) चारुदत्त-'साहसे खलुश्रीर्वसति'। (२) पञ्चरात्रम्-'श्रीर्न सन्तोषमिच्छति।'

(३) स्वप्नवासवदत्त—'प्रायेण हि नरेन्द्रश्रीः सोत्साहैरेव भुज्यते।'

नाटकचक्र के कतिपय नाटकों में पेड़-पौधों के सींचे गये होने के कारण नगर का अनुमान वर्णित किय हुआ है:—

(१) प्रतिमानाटक—'सोपस्नेहतया वृक्षाणामभितः खल्वयोध्यया भवितव्यम्।

(२) अभिषेकनाटक—'सोपस्नेहतया वनान्तरस्याभितः खलु किष्किन्धया भवितव्यम्।

(ख) नाट्यात्मक परिस्थितियों का साम्य

नाटकचक्र के प्रायः सभी नाटकों में 'पताकास्थानक' रखा गया है जिसे पाश्चात्त्य नाट्य की परिभाषा में 'Dramatic Irony' कहा जाता है।

(ङ) कल्पना साम्य

नाटक-चक्र के नाटकों में कल्पना-साम्य प्रायः सर्वत्र दिखायी देता है। नाटककार की कुछ कल्पनायें तो सर्वथा मौलिक हैं—

(१) अभिषेकनाटक (३. २०) 'कथं लब्धसटः सिंहो मृगेण विनिपात्यते।'

(२) प्रतिमा (५, १८) 'न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति।'

(३) मध्यमव्यायोग 'व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः।'

(४) चारुदत्त (१. ९) 'व्याघ्रानुसारचकिता हरिणी।'

(च) प्रयोग-साम्य

नाटकचक्र में प्रयोग-साम्य प्रायः सर्वत्र प्रतीत होता है :—

(१) अहो हास्यमभिधानम् (प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पाञ्चरात्र, दूतघटोत्कच)

(२) अलमिदानीं भवानतिमात्रं संतप्य (स्वप्नवासवदत्त, अविमारक, चारुदत्त)

(३) सहचारिणोऽनर्थाः (प्रतिज्ञायौगन्धरायण, अविमारक)

(४) श्रयतां मम पराक्रमः (अभिषेक, प्रतिमा, बालचरित)

(छ) पद्य-पद्यार्थ-साम्य

नाटकचक्र में जहाँ तहाँ पद्य अथवा पद्यार्थ साम्य भी एक कलाकार का अनुमान करवाया करते हैं :—

(१) किं वपयतीति हृदयं परिशङ्कितं मे (स्वप्नवासवदत्त ६. १५; अभिषेकनाटक ४.७)

(२) धर्मस्नेहान्तरे न्यस्ता (प्रतिज्ञायौगन्धरायण २. ७ अभिषेकनाटक ६. २३)

(३) लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
　　असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥ (बालचरित ९. १५, चारुदत्त १. १९)

(४) यदि तेऽस्ति धनुःश्लाघा (प्रतिमानाटक १. २०; अभिषेकनाटक ३. २२)

इसी प्रकार सामाजिक परिस्थितियों का साम्य, छन्दोयोजना का साम्य, आर्षप्रयोग का साम्य आदि-आदि अनेक और भी बातें हैं जो नाटक-चक्र को एक कलाकार की कृति के रूप में सिद्ध करती हैं।

भास का संस्कृत-नाटककारों पर प्रभाव

भास के नाटक संस्कृत नाटकों को प्रेरणा प्रदान करते आये हैं। भास ने कालिदास को प्रभावित किया है किन्तु कालिदास की प्रतिभा भास के प्रभाव को आत्मसात् करती

अपने ही रूप में अपने आपको प्रकाशित किया करती है। 'प्रतिमा' और 'स्वप्नवासवदत्त' का प्रभाव कालिदास पर स्पष्ट है। भास के 'अविमारक' से भवभूति को प्रेरणा मिली है और वह प्रेरणा मिली है 'मालती-माधव' की रचना में। भास के 'प्रतिज्ञायौगन्धरायण' ने विशाखदत्त के 'मुद्राराक्षस' को कम प्रभावित नहीं किया है। मुद्राराक्षस के 'चाणक्य' और प्रतिज्ञायौगन्धरायण के 'यौगन्धरायण' में 'चरित्र चित्रण-साम्य बहुत कुछ पाया जाता है। भास के स्वप्नवासवदत्त और प्रतिज्ञायौगन्धरायण से प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागानन्द नाटक पर्याप्त रूप से प्रभावित हैं। भास के नाटक-चक्र में 'स्वप्नवासवदत्त' का संस्कृत नाटकों पर जो प्रभाव पड़ा है वह अमिट है। 'स्वप्नवासवदत्त' के सम्बन्ध में यह उक्ति—

'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥'

वस्तुतः संस्कृत नाट्यसाहित्य पर 'स्वप्नवासवदत्त' की कृति के प्रभाव की सूचना दिया करती है। भास को संस्कृत कविता-सरस्वती का 'हास' कहा गया है। जैसे किसी सुन्दरी की हँसी किसी को भी आकृष्ट कर सकती है वैसे ही भास की नाटककृति भी सामाजिक-मात्र को आकृष्ट किया करती है। भास की यह विशेषता अन्यत्र कहीं नहीं पायी जाती।

पात्र-परिचय

पुरुष पात्र :—

१ सूत्रधार—नाटक का स्थापक।
२ राजा—अयोध्याधिपति महाराज दशरथ।
राम—माताजी की जो आज्ञा ।

(नेपथ्य में)

आपकी जय, स्वामी की जय, महाराजाधिराज की जय, देव की जय, भद्रमुख की जय, आर्य की जय, रावण के संहारक की जय ।

कैकेयी—एते पुरोहिताः कञ्चुकिनः पुत्रकस्य मे विजयघोषं वर्ध-
एदे पुरोहिता कञ्चुइणो पुत्तअस्स मे विजअघोसं वड्ढ-
यन्त आशीर्भिः पूजयन्ति ।
अन्तो आसीहिं पूजअन्ति ।

सुमित्रा—प्रकृतयः परिचारकाः सज्जनाश्च पुत्रकस्य मे विजयं
पइदीओ परिचारआ सज्जणा अ पुत्तअस्स मे विजअं
वर्धयन्ति ।
वड्ढअन्ति ।

(नेपथ्ये)

भो भो जनस्थानवासिनस्तपस्विनः ! शृण्वन्तु शृण्वन्तु
भवन्तः ।

हत्वा रिपुप्रभवमप्रतिमं तमोघं
सूर्योऽन्धकारमिव शौर्यमयैर्मयूखैः ।
सीतामवाप्य सकलाशुभवर्जनीयां
रामो महीं जयति सर्वजनाभिरामः ॥ १० ॥

हत्वेति—अप्रतिमम् अतुलनीयं रिपोः शत्रोः प्रभव उत्पत्तिर्यस्य तम् तमसः सङ्कटस्य ओघं समूहं सूर्यः अन्धकारमिव शौर्यमयैः पराक्रमरूपैः मयूखैः किरणैः हत्वा विनाश्य सकलैः अशुभैरमङ्गलैर्वर्जनीयां रहितां सीतां प्राप्य सर्वजनाभिरामः सकललोकप्रियः रामः महीं पृथ्वीं जयति स्वायत्तीकरोति । यथा—सूर्योऽशुभिस्तमस ओघं विनाश्य प्रकाशेन भुवं व्याप्नोति तथैव रामोऽपि शत्रुकृतान् क्लेशान् शौर्येणातिक्रम्य सीतां पुनरासाद्य तेजसा भुवं व्याप्नोति । उपमाऽत्र स्फुटा । तमस

कैकेयी—अहा, ये पूज्य पुरोहित, कञ्चुकी वगैरह मेरे पुत्र का जयघोष, आशीर्वाद तथा अभिनन्दन कर रहे हैं ।

सुमित्रा—अहा ! अमात्य, परिचारक तथा अन्य सज्जन वृन्द मेरे पुत्र की जयाशंसा कर रहे हैं ।

(नेपथ्य में)

भो जनस्थाननिवासी तपस्वियो, आप लोग सुन लें ।

जिस तरह सूर्य अपनी प्रखर किरणों से अन्धकार का नाश करता है, उसी तरह शत्रु से फैलाए हुए अतुल तमःपटल को अपने पराक्रमसे नाशकर मङ्गलमयी सीता को प्राप्तकर नयनाभिराम राम ने समूची पृथ्वी पर अधिकार कर लिया है ॥

कैकेयी—अम्महे ! पुत्रस्य मे विजयघोषणा वर्धते ।

अम्महे ! पुत्तस्स मे विजअघोषणा वड्ढइ ।

(ततः प्रविशति कृताभिषेको रामः सपरिवारः)

रामः—(विलोक्याकाशे) भोस्तात !

स्वर्गेऽपि तुष्टिमुपगच्छ विमुञ्च दैन्यं
कर्म त्वयाभिलषितं मयि यत् तदेतत् ।
राजा किलास्मि भुवि सत्कृतभारवाही
धर्मेण लोकपरिरक्षणमभ्युपेतम् ॥ ११ ॥

भरतः—अधिगतनृपशब्दं धार्यमाणातपत्रं
विकसितकृतमौलिं तीर्थतोयाभिषिक्तम् ।

ओघमिति समासे सन्धिरपाणिनीयः । केचित्तु 'ये ये सान्तास्ते तेऽदन्ता' इत्यभिमानेनेदमित्याहुः ॥ १० ॥

स्वर्गेपीति—स्वर्गे अपि (लोके तु त्वं नालब्धास्तुष्टिम्) इदानीं दिव्यपि तुष्टिं मद्राज्याभिषेकजन्यमानन्दमुपगच्छ लभस्व, दैन्यं खेदं मनोरथापूर्त्तिकृतम् विमुञ्च जहीहि । त्वया मयि यत्कर्म राज्यारोहणरूपमभिलषितमिष्टमासीत् एतत् सम्प्रति मत्कर्म राज्याभिषेकरूपमेतत् तत् । त्वयाभीप्यमाणं मद्राज्याभिषेकरूपं कार्यमधुना सम्पन्नमिति स्वर्गस्थस्य तव प्रसादः खेदत्यागश्च प्राप्तावसर इति भावः । तदेवोपपादयति राजेति । भुवि सत्कृतभारवाही समाहृतराज्यरूपभारवाही राजा अस्मि, धर्मेण धर्मपूर्वकम् लोकपरिरक्षणम् (मया) अभ्युपेतम् अङ्गीकृतम् । किलेति वाक्यालङ्कारे ॥ ११ ॥

अधिगतेति—अधिगतः नृपशब्दः राजशब्दवाच्यता येन तम्, धार्यमाणमातपत्रं छत्रं यस्मिन् तं समालम्बितराजधार्यश्वेतातपत्रं विकसितकृतमौलिम् उद्य-

---

कैकेयी—अहा, मेरे पुत्र की जयघोषणा बढ़ रही है ।

(कृताभिषेक राम का परिवार के साथ प्रवेश)

राम—(आकाश की ओर देखकर) पितृदेव,

आप अब स्वर्ग में भी आनन्द प्राप्त करें और कष्ट भूल जाँय । आपने मेरा राज्याभिषेक करना चाहा था, वह अब पूरा हुआ । अब मैं पृथ्वी पर पुण्यभार का वहन करने वाला राजा बन गया हूँ । मैंने न्यायपूर्वक प्रजापालन का उत्तरदायित्व उठा लिया है ॥ ११ ॥

भरत—आज अपने पूज्य भ्राता को देखने से मेरी आँखें नहीं थकतीं । उन्होंने

गुरुमधिगतलीलं वन्द्यमानं जनौघै-
र्नवशशिनमिवार्यं पश्यतो मे न तृप्तिः ॥ १२ ॥

शत्रुघ्नः—एतदार्याभिषेकेण कुलं मे नष्टकल्मषम् ।
पुनः प्रकाशतां याति सोमस्येवोदये जगत् ॥ १३ ॥

रामः—वत्स लक्ष्मण ! अधिगतराज्योऽहमस्मि !

लक्ष्मणः—दिष्ट्या भवान् वर्धते ।

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः । एष खलु तत्रभवान् विभीषणो विज्ञापयति—सुग्रीवनीलमैन्दजाम्बवद्धनूमत्प्रमुखाश्चानु-

---

मितमूर्द्धानम् तीर्थतोयाभिषिक्तं गुरुं पूज्यम् अधिगतलीलम् आसादितश्रीकम् जनौघैः लोकसमूहैर्वन्द्यमानं प्रणम्यमानम् नवशशिनं प्रत्यग्रोदितमिन्दुमिव आर्यं रामं पश्यतो विलोकयतो मे तृप्तिः सन्तोषो न । भवतीति शेषः । यथा सम्भृतशोकस्य लोकैः प्रणम्यमानस्याचिरोदितस्य चन्द्रमसो दर्शनेन चक्षुषी न तृप्यतस्तथैवार्यरामदर्शनान्ममापि चक्षुषी न तृप्यत इत्युपमा । मालिनीवृत्तम् ॥ १२ ॥

एतदार्येति—आर्यस्य पूज्यस्य रामस्याभिषेकेण राज्यारोहणेन नष्टं कल्मषं कलङ्को (न्यायप्राप्तज्येष्ठभ्रात्रभिषेकाभावावसरसमुत्थः) यस्य तदेतन्मे कुलं सोमस्य चन्द्रस्योदये जगदिव पुनः प्रकाशतां दीप्तिशालितां याति । स्पष्टमन्यत् ॥ १२ ॥

'महाराज' की पदवी पाई, राजच्छत्र ग्रहण किया, शिर पर प्रकाशमान मुकुट पहना, पावन तीर्थजल से अभिषेक स्वीकार किया और राजगौरव पाया। चारों ओर प्रजाएं इनका जयकार करती हैं, नये चाँद की भाँति उनका अभिनन्दन किया जा रहा है ॥ १२ ॥

शत्रुघ्न—जिस प्रकार चन्द्रमा के उदय से सारा संसार प्रकाशित होने लगता है, उसी प्रकार आर्य के राज्याभिषेक से निष्कलङ्क मेरा यह रघुकुल फिर से प्रकाशमान हो रहा है ॥ १३ ॥

राम—वत्स लक्ष्मण, अब मैंने राज्य पा लिया।

लक्ष्मण—अहोभाग्य, आपको बधाई।

(कञ्चुकी का प्रवेश)

कञ्चुकी—जय हो महाराज की। यह लङ्काधिपति विभीषण निवेदन करते हैं,

गच्छन्तो विज्ञापयन्ति—'दिष्ट्या भवान् वर्धत' इति ।

रामः—'सहायानां प्रसादाद् वर्धत' इति कथ्यताम् ।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः ।

कैकेयी—धन्या खल्वस्मि । इममभ्युदयमयोध्यायां प्रेक्षितुमिच्छामि ।

धण्णा खु म्हि । इदं अब्भुदअं अओज्झाअं पेक्खिदं, इच्छामि ।

रामः—द्रक्ष्यति भवती । (विलोक्य) अये ! प्रभाभिर्वनमिदमखिलं सूर्यवत् प्रतिभाति । (विभाव्य) आः ज्ञातम् । सम्प्राप्तं पुष्पकं दिवि रावणस्य विमानम् । कृतसमयमिदं स्मृतमात्रमुपगच्छतीति । तत् सर्वैरारुह्यताम् ।

(सर्वे आरोहन्ति)

रामः—अद्यैव यास्यामि पुरीमयोध्यां
सम्बन्धिमित्रैरनुगम्यमानः ।

सूर्यवत् सूर्ययुक्तम् , अत्र सादृश्यार्थकवत्प्रत्ययो न, किन्तु आश्रयार्थो मतुबेव । कृतसमयं कृतसिद्धान्तम् । 'समयाः शपथाचारकालसिद्धान्तसंविदः' इति कोशः ।

अद्यैवेति—सम्बन्धिमित्रैः सम्बन्धिभिर्भरतप्रभृतिभिर्मित्रैः सुग्रीवविभीषणादिभिश्च अनुगम्यमानोऽहम् अद्यैव अस्मिन्नेवाहनि (विलम्बमकृत्वैव) अयोध्या तन्नामस्ववंशराजधानीं यास्यामि प्राप्स्यामीति मात्राज्ञां पिपालयिषो रामस्योक्तिः । तदेव

सुग्रीव, नील, मैन्द, जाम्बवान् तथा हनुमान् वगैरह आपके अनुचर निवेदन करते हैं—अहोभाग्य, आपको बधाई ।

राम—'सहायकों की कृपा से सब विजय है' ऐसा कह दो ।

कञ्चुकी—जो आज्ञा ।

कैकेयी—मैं धन्य हूँ । इस अभ्युदयको मैं अब अयोध्यामें भी देखना चाहती हूँ ।

राम—आप वहाँ भी देखेंगी । (देखकर) प्रभापुञ्ज से यह समस्त कानन सूर्य की भाँति चमक रहा है । (विचार कर) अच्छा, समझ गया, आकाश में रावण वाला पुष्पक विमान आ रहा है । स्मरणमात्र करने से वह ठीक समय पर उपस्थित हो जाता है । अब आप लोग इस पर चढ़िये ।

(सब सवार होते हैं)

राम—मैं आज ही अपने बन्धु-बान्धवों के साथ मित्रों को लेकर अयोध्या जा रहा हूँ ।

लक्ष्मणः—अद्यैव पश्यन्तु च नागरास्त्वां
चन्द्रं सनक्षत्रमिवोदयस्थम् ॥ १४ ॥

(भरतवाक्यम्)

यथा रामश्च जानक्या बन्धुभिश्च समागतः ।
तथा लक्ष्म्या समायुक्तो राजा भूमिं प्रशास्तु नः ॥ १५ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

इति सप्तमोऽङ्कः ।

लक्ष्मणः समर्थयति-अद्यैवेति । नागराः अयोध्यानगरनिवासिनः च त्वाम् उदयस्थम् उदयाचलशिखरारूढम् अभ्युदयप्रवणं च सनक्षत्रं नक्षत्रगणपरिवृतं सहृद्बन्धुवृतं च चन्द्रमिव अद्यैव पश्यन्तु । चन्द्रसाम्यादुपमाऽलङ्कारः । इन्द्रवज्रावृत्तम् ॥ १४ ॥

भरतवाक्यम्—भरतस्य नटस्य वाक्यं सामाजिकाभ्युदयाशंसनरूपम् । एष हि समुदाचारो यत्प्रयोगान्ते भरतेन सामाजिकतत्प्रमुखादीनां शुभाशंसनमाचर्यते । सा चेयं प्रशस्तिः निर्वहणसन्धिचरमाङ्गम् ।

यथा रामश्चेति—रामो यथा जानक्या बन्धुभिश्च समागतः तथा लक्ष्म्या समायुक्तो नोऽस्माकं राजा भूमिं धरणीं प्रशास्तु परिपालयतु ॥ १५ ॥

'निष्क्रान्ताः सर्वे' इति समाप्तिं सप्तमाङ्कस्य सूचयति ।

शरदि रामवियदंबरलोचनमानमितायां, मासि तपसि नागाधिनाथशुभतिथौ सितायाम् ।
प्रतिमानाटकमिदं 'प्रकाशं' युतं सम्पन्नं, क्षन्तव्यं कृपया विद्वद्भिरिहानुपपन्नम् ॥ १ ॥

इति मुजफ्फरपुरमण्डलान्तर्वर्त्ति 'पकडी' संज्ञकग्रामवासिना मुजफ्फरपुरस्थधर्मसमाज-संस्कृतमहाविद्यालये वेदान्तदर्शनाध्यापकेन व्याकरणवेदान्तसाहित्याचार्याद्युपाधिना मैथिलपण्डितश्रीरामचन्द्रशर्मणा प्रणीतः प्रतिमानाटक 'प्रकाशः' सम्पूर्णः ॥

लक्ष्मण—और आज ही सभी नगरवासी उदयाचलगत नक्षत्रसहित चन्द्रमा की भाँति आपके दर्शन प्राप्त करें ॥ १४ ॥

(भरत-वाक्य)

जिस प्रकार भगवान् राम जानकी तथा बन्धुओं के साथ राज्य करते रहे, उसी तरह राजलक्ष्मी से युक्त हमारे महाराज (राजसिंह) पृथ्वी का पालन करें ॥ १५ ॥

(सबका प्रस्थान)

प्रतिमानाटक समाप्त

परिशिष्टम्

नोट्स

१ नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः (पृ. १)

इस नाटक में और भास के अन्य कतिपय नाटकों में भी सर्वप्रथम लिखा मिलता है—नान्द्यन्ते इत्यादि । परन्तु अन्य कविकृत नाटकों में पहले यथायोग्य एक या तदधिक श्लोकों में मङ्गलाचरण निबद्ध करके तब लिखा जाता है—नान्द्यन्ते इति० । यह परिपाटी भास के समय में नहीं थी, भास के मतानुसार सब नट मिल कर पहले नान्दी कर लेते थे, जो परदे के पीछे ही कर ली जाती थी, बाद में केवल सूत्रधार प्रवेश करता था, जो कथाज्ञापक श्लोक कहता था । यही क्रम भास के नाटकों में सर्वत्र पाया जाता है । इसीलिए नान्दी का आधुनिक लक्षण इनके मङ्गल श्लोकों में नहीं पाया जाता, क्योंकि इनकी नान्दी तो ग्रन्थ में निबद्ध होती ही नहीं, वह तो पहले ही कर ली जाती है ।

२ प्रतिहाररक्षी (पृ. ४)

यह शब्द स्त्रीलिङ्ग है, 'प्रतिहार रक्षति' इस विग्रह में 'कर्मण्यण्' इस सूत्र से अण् प्रत्यय स्त्रीलिङ्ग होने से टिड्ढमूलक ङीप् । णिनि प्रत्यय करने पर तो प्रतिहाररक्षिणी यह रूप होगा, अतः अण् ही करना चाहिये ।

३ स्थापना (पृ. ५)

इस स्थापना शब्द से प्रस्तावना विवक्षित है । नाट्यशास्त्र में लिखा है—'प्रसाद्य रङ्गं विधिवत्कवेर्नाम च कीर्त्तयेत् । प्रस्तावनां ततः कुर्यात्काव्यप्रख्यापनाश्रयाम्' इसके अनुसार प्रस्तावना में काव्य की प्रशंसा और उससे पूर्व कविनामनिर्देश हो जाना चाहिये, परन्तु इस प्रथा को भास आदि प्राचीन नाटककारों ने मान्यता नहीं दी थी । उस पद्धति को कालिदास ने प्रवृत्त किया, तदनुसार परवर्त्ती कवियों ने भी आचरण किया । पीछे चलकर वह लीक-सी बन गई । भास के समय तक स्थापना शब्द से जो प्रस्तावना समझी जाती रही उसमें केवल कथावतारणा ही लक्ष्य होती थी, कवि का नामादि उसमें नहीं रहा करता था । इसी से तो नाटकों के मिलने पर भी उनके कर्त्ता के विषय में अन्धकार ही रहा करता था । भासनाटकचक्रों के लिए जो इतना विवाद चला उसका भी सम्भवतः यही कारण था । अस्तु, कारण जो भी हो, स्थिति यही थी ।

४ सङ्कल्पितम् (पृ. ६)

सङ्कल्प शब्द का अर्थ इच्छा है। एतदनुसार सङ्कल्पित शब्द का अर्थ होगा—चिन्तित, इष्ट, मनोरथ विषय। इसी अर्थ में इस शब्द का प्रयोग कालिदास ने किया भी है, जैसे—'सङ्कल्पितं प्रथममेव मया त्वदर्थं भर्तारमात्मसदृशं स्वगुणैर्गताऽसि'। भास ने यहाँ 'सङ्कल्पित' शब्द का 'कल्पित' (जुटाया गया) अर्थ किया है, जिसे अवाचकत्व दोषाक्रान्त कहा जा सकता है, परन्तु मेरी सम्मति में भास के समय में भाषा गढ़ी जा रही थी, प्रयोग को नियत रूप नहीं प्राप्त हो सका था, अतः उनका तादृश प्रयोग निन्दनीय नहीं माना जाना चाहिये।

५ परिशङ्कितवर्णा (पृ. १०)

परिशङ्कितवर्णा का अर्थ यहाँ 'डरी हुई' (शङ्कितों के समान चेहरा वाली) ही विवक्षित है 'भयभीताकारसदृशाकारा। परिशङ्कितायाः वर्ण इव वर्णो यस्याः सा तादृशी' इसी विग्रह से यह अर्थ निकल सकता है, परन्तु इस विग्रह में सभी पदों की प्रथमान्तता सम्पन्न करने के लिए परिशङ्कित शब्द में 'परिशङ्कितसम्बन्धिवर्ण' इस अर्थ की लक्षणा करनी होगी, उसके बिना काम ही नहीं चलेगा। यह अप्रचलित प्रयोग होगा।

६ प्रहृषितानि (पृ. १३)

यहाँ पर 'हृषेर्लोमसु' इस सूत्र से इट् हुआ है। हृष् धातु दो हैं—'हृषु अलीके' 'हृष् तुष्टौ'। हृष्टं हृषितं लोम। इस प्रसङ्ग में एक वार्तिक भी है—'विस्मितप्रतिघातयोश्च'। यहाँ बालमनोरमाकार ने स्पष्टीकरण यों किया है—'तत्र लोमसु विस्मितप्रतिघातयोश्च 'हृषु अलीके' इत्यस्मात् 'यस्य विभाषा' इति नित्यमिण्निषेधे प्राप्ते विभाषेयम्, हृष् तुष्टौ इत्यस्मात्तु नित्यमिट्प्राप्तौ विभाषा' इति॥

७ द्वन्द्वानि (पृ. २१)

द्वन्द्व शब्द का अर्थ होता है जोडा, जोड़े के लिए कई तरह का प्रयोग संस्कृत में आया है, मिथुन, युग आदि, उनमें मिथुन और द्वन्द्व ऐसे हैं जिनका प्रयोग पदान्तर प्रयोग निरपेक्ष भाव से भी होता है। शेष शब्दों को प्रयोग में अलग नहीं लाया जाता है। द्वन्द्व से 'जाड़ा-गर्मी' 'स्त्री-पुरुष' यह दोनों अर्थ मुख्यतः प्रतीत होते हैं। सर्वर्त्तुनिर्वृतिकरे निवसन्नुपैति न द्वन्द्वदुःखमिह किञ्चिदकिञ्चनोऽपि' यहाँ द्वन्द्व शब्द 'जाड़ा-गर्मी' अर्थ में प्रयुक्त हुआ है, और 'द्वन्द्वं दधभरीविसंभवमिदं तत्स्रष्टुरेकान्तरम्' (शाकुन्तल) यहाँ द्वन्द्व शब्द से 'स्त्री-पुरुष' यह अर्थ लिया गया है। यहाँ 'द्वन्द्वानि' का अर्थ स्त्री-पुरुष से है।

८ शत्रुघ्नलक्ष्मणगृहीतघटे (पृ. २२)

राम का राज्याभिषेक हो रहा है, लक्ष्मण और शत्रुघ्न जलघट लिए खड़े हैं, यही इसका अर्थ है। यहाँ एक बात खटकती है। वह यह है कि जब रामराज्याभिषेक हो रहा

था, उस समय सभी रामायणों के अनुसार शत्रुघ्न भरत के साथ उनकी ननिहाल में थे, फिर यहां शत्रुघ्न का नाम कैसे घड़े उठाने वालों में गिनाया गया है? इसका उत्तर यह दिया जा सकता है कि शत्रुघ्न यह नाम नहीं है किन्तु लक्ष्मण का विशेषणमात्र है, तदनुसार इसका यह अर्थ होगा कि शत्रुहन्ता लक्ष्मण घड़ा लिये खड़े थे। शत्रुघ्न की बात इस पक्ष में नहीं है। मैं तो यही समझता हूँ कि रामायण की सभी कथायें जब इनके नाटकों में ठीक-ठीक नहीं मिलतीं हैं तब यहां भी शत्रुघ्नपद विशेषण नहीं, व्यक्तिवाचक ही माना जाय। लक्ष्मण और शत्रुघ्न दोनों ही घड़े लिये हैं यही अर्थ किया जाय। भास के अनुसार भरत मात्र ही ननिहाल में थे, क्योंकि आने के समय में भी भरत के साथ शत्रुघ्न की कहीं चर्चा नहीं की गई है। यह कोई आवश्यक चीज नहीं है कि रामायणोक्त कथानक का अक्षरशः अनुवर्त्तन किया जाय, अतः हमारी समझ में शत्रुघ्न शब्द विशेषण नहीं, यहां नाम ही है।

९ सुमित्रामातः (पृ. ३५)

'सुमित्रा माता यस्य' इस विग्रह में बहुव्रीहि समास होने पर 'सुमित्रामातृ' शब्द का अर्थ होगा लक्ष्मण। उसी शब्द के सम्बोधन का यह रूप है। यहां यह शङ्का की जा सकती है कि प्रोक्तविग्रह में 'नद्यृतश्च' इस सूत्र से नित्य कप् होने पर सुमित्रामातृक शब्द होना चाहिये? इस प्रश्न का उत्तर यह होगा कि—'मातच्मातृकमातृषु वा' इस वार्तिक में मातृ शब्द से कप् को वैकल्पिकत्व हो गया, कोई दोष नहीं रहा, देखिये—'अत एव निपातनात् मातृशब्दस्य मातजादेशः कब्विकल्पश्च' (कौमुदी, समासाश्रयप्रकरण)

१० नियतीव व्यवस्थिता (पृ० ३७)

यहाँ 'नियतिः' की जगह 'नियती' ऐसा रूप लिए लिया गया है जो प्रचलित व्याकरण नियमानुसार अशुद्ध मालूम होता है, क्योंकि क्तिन्प्रत्ययान्त से ङीप् अविहित है। इसी शङ्का को देखकर कुछ लोग 'वियति' (आकाशे) ऐसा पाठभेद कल्पित करते हैं, परन्तु इस पाठ में 'वियति' का कोई उपयोग नहीं देखने में आता है, 'नियति' के अर्थ में जो दृढ़ता व्यक्त होती है वह उसके बदलने पर हट जाती है और उसके हटते ही काव्यकृत चमत्कार भाग खड़ा होता है, ऐसी हालत में वियति यह पाठ ठीक नहीं कहा जा सकता। नियति इस पाठ में जो व्याकरण की त्रुटि है, उसे कवि नहीं मानें तो कोई हर्ज नहीं, अर्थचमत्कार अक्षत रहना चाहिये। उसे ठीक रखने के लिए व्याकरण को नमस्कार किया जा सकता है। अथापि यदि व्याकरणशुद्धि आवश्यक प्रतीत होतो क्तिजन्त बनाकर या बाहुलकादि की शरण में जाया जा सकता है।

११ अनुचरतीत्यादि (पृ. ४१)

अनुचरति—अनुचर इव आचरति इस विग्रह में क्विप् अथवा अनुचरति, सामान्य तिङन्त, अर्थ तो वही होगा। अनुचरण-अनुसरण-अनुगमन सभी पर्याय ही हैं। इसी

श्लोक में 'पङ्कलग्नम्' का अर्थ 'पङ्कमग्नम्' करना चाहिये, न जाने पङ्कमग्नम् छोड़कर क्यों कवि ने पङ्कलग्नम् यह लिखना पसन्द किया। यह भी हो सकता है कि लेखनप्रमाद से 'पङ्कलग्नम्' यह पाठ हो गया हो।

१२ निर्योगात् (पृ. ४२)

'निर्योग' शब्द का अर्थ है पहने जाने वाले कपड़े—धोती, कुरता आदि। इसमें योगार्थ मालूम नहीं पड़ता है, परन्तु रूढि के अनुसार यही माना गया है।

१३ तपःसंग्रामेत्यादि (पृ. ४३)

लक्ष्मण वन जाने का उत्सुक होकर बार-बार प्रार्थना करते हैं कि मुझे भी वल्कल दीजिये, मैं भी वन चलने की तैयारी कर लूँ, राम बार-बार उन्हें रोकते हैं, अन्त में रामजी उन्हें वन की कठिनाई बताने के ख्याल से वल्कलों का स्वरूप बताते हैं, जिसमें उस वल्कल का कठोर तपोरूपत्व भी निहित है, यही वह श्लोक है, इसमें राम ने तीन परम्परितरूपक बाँधे हैं, १. तपःसङ्ग्रामकवच, यह वल्कल क्या है, तपस्यारूप युद्ध का जिरहबख्तर है। जो व्यक्ति ठीक से जिरहबख्तर नहीं पहन सकेगा वह युद्ध में सफल नहीं होगा। जिस तरह युद्ध में सतत सतर्कता अपेक्षित रहती है, उसी तरह तपस्या में भी सतत जागरूक रहना होगा। इसी अभिप्राय से तपस्या को संग्राम रूपक दिया है और वल्कल को इसलिये कहा है कि जिस प्रकार युद्ध का प्रथम उद्योग कवचधारण है उसी प्रकार तपस्या का भी प्रथम सोपान वल्कल-परिधान होगा। इसे पहन कर इधर-उधर करने का मौका नहीं रहेगा। २. नियमद्विरदाङ्कुश—नियम नितान्त स्वाधीन होते हैं जैसे हाथी। उनको वश करना कठिन कार्य है। इनको स्वायत्त करने में वल्कल अङ्कुश का काम करेंगे। इससे यह कहना है कि नियमों का पालन अति सावधानता से करना होगा। ३. 'खलीनमिन्द्रियाश्वानाम्' इन्द्रिय अश्व हैं जो स्वभावतः चपल हैं। इन्हें वश में करने लिये लगाम की जरूरत है वही यह वल्कल है। इससे कहना है कि दुर्जय इन्द्रियों पर कठोर संयम रखना हो तो उस वल्कल को ग्रहण करो। लक्ष्मण ने यह चुनौती स्वीकार की, खुशी खुशी कहा—'अनुगृहीतोऽस्मि'।

१४ वधूसहायम् (पृ. ४४)

'वधूः सहायो यत्र तादृशम्' ऐसा विग्रह करके इस वधूसहायम् पद को वनागमनम् का विशेषण माना गया है। 'वधूसहायम्' कहने से सहायान्तर का अभाव व्यक्त होता है। 'श्रुत्वा—उत्थाय' इन क्रियाओं में पौर्वापर्य विवक्षित है, परन्तु उनका पौर्वापर्य नितान्त सान्निध्यद्योतक है।

१५ युगाक्षयसन्निकर्षे (पृ. ५७)

युगक्षय समीप आने पर यही इसका अर्थ है। युगक्षय हो जाने पर तो मेरु भी ध्वस्त हो जायगा, फिर चलेगा कौन? जब प्रलय समीप आता है तब मेरु चलता है जिससे

गृह, वृक्ष आदि नष्ट हो जाते हैं। यहाँ की उपमाओं से राजा की विकलता प्रतीत होती है।

१६ हेषाशून्यमुखाः (पृ. ४८)

हेषा शब्द का अर्थ है अश्व की हिनहिनाहट। घोड़े जब प्रसन्नता या किसी चीज की लिप्सा आदि प्रकट करना चाहते हैं तब जो हिनहिनाहट होती है उसे ही हेषा कहते हैं। 'यद्विद्वारे तेषां भवति हयहेषा कलकलः'।

१७ छाययेवानुगम्यते (पृ. ५५)

'वने रघुकुलश्रेष्ठो रामो लक्ष्मणेन छायया इव अनुगम्यते' यही अन्वय है। यहाँ कुछ लोग यह शङ्का करते है कि इसमें उपमा दुष्ट है क्योंकि छाया स्त्रीलिङ्ग है और लक्ष्मण पुंलिङ्ग। इसका उत्तर यह है कि यह दोष तब माना जाता है जब साधारण धर्म के अन्वय होने में कोइ बाधा हो, जैसे—'सुधेव विमलश्चन्द्रः' इस उदाहरण में साधारणधर्मवाचक विमलः पद का उपमानभूत सुधा में अन्वय नहीं हो सकता। यहाँ तो साधारण धर्म है अनुगमन, जो क्रियोपस्थापित है, उभयत्र अन्वययोग्य है। अतः यह दोष यहाँ नहीं होगा। इसी बात को दृष्टि में रख कर आचार्यों ने निर्णय किया है कि—

'न लिङ्गवचने भिन्ने न न्यूनाधिकते तथा।
उपमादूषणायालं यत्रो द्वेगो न धीमताम्' ॥

१८ धन्याः खलु (पृ. ५७)

इस श्लोक को देखकर इसी के समान होने के कारण अधोलिखित श्लोक याद आ जाता है—

'धन्याः खलु वने वाताः कह्लारस्पर्शशीतलाः।
राममिन्दीवरश्यामं ये स्पृशन्त्यनिवारिताः' ॥

१९ शोकार्णवकरम् (पृ. ५८)

शोकरूप समुद्र पैदा करने वाला, जिस वचन को सुन कर शोकसागर उमड़ पड़े, वैसा वचन। यहाँ 'शोककर' इसी अर्थ की अधिकता व्यक्त करने के लिये 'शोकार्णवकरम्' कहा है।

२० हृदयातुरौषधे: (पृ. ५६)

'हृदयरूप बीमार के लिये ओषधरूप' यह नाम के विशेषण रूप में प्रयुक्त हुआ है जिन नामों को सुन कर हृदय रूप बीमार स्वस्थ हो उठता है। यह उन नामों की महिमा है, या स्नेह की महिमा है।

२१ आगताः पितरः (पृ. ६४)

दशरथ मरने पर आ गये हैं, राम का वियोग उनके प्राणों पर पड़ा, वह मुमूर्षुदशा में कहते हैं—'आगताः पितरः' मैं अपने मृतपूर्वजों को देख रहा हूं। यह प्रेतजनदर्शन मृत्युसूचक है। आयुर्वेदवालों ने इसे अरिष्ट कहा है—

......................प्रेतानां यक्षरक्षसाम् ।
पिशाचोरगनागानां भूतानां विकृतामपि ॥
यो वा मयूरकण्ठाभं विधूमं वह्निमीक्षते ।
आतुरस्य भवेन्मृत्युः स्वस्थो व्याधिमवाप्नुयात् ॥

२२ कपोतसन्दानकम् (पृ. ६८)

कपोतसन्दानक शब्द से कबूतरों के घोंसले का तात्पर्य है। सन्दानक का अर्थ बन्धन है। सन्दानित = बद्ध । देखिये कादम्बरी, शुकनासोपदेश–'दृढगुणसन्दानिताऽपि पलायते'।

२३ रजश्चाश्वोद्भूतं पतति (पृ. ७१)

घोड़े तेजी से भागते जा रहे हैं, उनके द्वारा उड़ाई गई धूल घोड़ों पर नहीं पड़ती क्योंकि तब तक वे आगे बढ़ गये रहते हैं। इसी अर्थ को ऐसे ही अवसर पर कालिदास ने भी कहा—'स्वेषामपि प्रसरतां रजसामलङ्घ्याः' (शकुन्तल, १,८)। इस तुलना को देखने पर यह कल्पना करना कि कालिदास ने भास का यह श्लोक देखा था—क्या नितान्त असङ्गत कहा जायगा ?

२४ त्वरता (पृ. ७२)

त्वरत इति त्वरम्, यद्वा त्वरास्ति अस्येति वा त्वरम्, आद्ये पचाद्यच् अन्त्ये अर्शआद्यच्। तस्य भावस्त्वरता। वस्तुतः यह पाठ ठीक नहीं है, सत्वरता यह पाठ होना चाहिये।

२५ विश्रमः (पृ. ७५)

विश्राम अर्थ में विश्रम शब्द का प्रयोग होता है, वही शब्द ठीक भी है, क्योंकि—'नोदात्तोपदेशस्य मान्तस्यानाचमेः' इससे वृद्धि का निषेध हो जाता है। अनुदात्तोपदेश धातुओं में चार ही धातु माने गये हैं –यम्, रम्, नम्, गम्। श्रम् धातु उदात्तोपदेश ही हुआ। अत एव कहा है—'विश्राम इति त्वपाणिनीयम्'।

२६ क्रियामाधुर्यम् (पृ. ७६)

क्रियया उत्खननादिमूर्तिनिर्माणकलया माधुर्यम् रमणीयता। इन पत्थरों पर जो मूर्त्तियां बनी हैं वे कितनी रमणीय हैं। यहाँ माधुर्य शब्द सुन्दरतापर्यवसायी हो गया है।

२७ मानुषविश्वासतताम् (पृ. ७६)

मानुषविश्वासताम्–मनुष्यत्वप्रकारकप्रतीतियोग्यताम्। ये मूर्त्तियां इतनी अच्छी खुदी हैं कि इन्हें देखने से यह प्रतीति हो जाती है कि ये मनुष्य ही हैं। इनमें मनुष्यता का विश्वास हो जाता है। यह शब्द कुछ अप्रयुक्त-सा है।

२८ प्रतिमानामल्पान्तराकृतिः। (पृ. ७७)

यादृशी प्रतिमानामाकृतिस्तदाकारा। जैसी यहाँ की प्रतिमायें हैं उसी आकार का किन्तु छोटा। भरतजी दशरथ आदि राजाओं के सदृश थे किन्तु अल्पवयस होने से छोटे थे, इससे रूपसाम्य तो था किन्तु परिणाहसाम्य नहीं था।

२९ ब्राह्मणजनस्य प्रणामं परिहरामि (पृ. ७८)

इन्हें आप ब्राह्मण समझ कर प्रणाम करने चले थे उसका निषेध करता हूँ। इसका कारण यह है आप इन्हें ब्राह्मण समझते हैं किन्तु ये ब्राह्मण नहीं हैं, क्षत्रिय हैं।

३० अभिसरीम् (पृ. ७८)

'अभिसरी' शब्द अति अप्रसिद्ध है। इसका अर्थ यहाँ युद्धार्थ यात्रा, अथवा युद्ध में आगे रहना, यही कुछ किया जा सकता है। भास ने जो कुछ शब्द अपने मन से गढ़े थे, उनमें से यह भी एक है।

३१ प्रियावियोगनिर्वेदपरित्यक्तम् (पृ. ८०)

अज की स्त्री का नाम इन्दुमती था। वह अति सुन्दर थी, उसकी मृत्यु देवकुसुमदर्शन द्वारा शापवश हो गई। उसके मरने पर महाराज विरक्तवत् रहने लगे। इसी पीड़ा को यहाँ उनका निर्वेद कहा गया है। निर्वेद की परिभाषा यह है—

'तत्त्वज्ञानापदीर्ष्यादेर्निर्वेदः स्वावमाननम्।
दैन्यचिन्ताश्रुनिःश्वासवैवर्ण्योच्छ्वसितादिकृत्॥'

आपत्ति स्त्रीनाश रूप कारण से निर्वेद हुआ अज को, और उन्होंने इतनी चिन्ता की कि उनकी स्वस्थता जाती रही, कुछ ही दिनों में चल बसे।

३२ धरमाणानाम् (पृ. ८१)

धरमाणानाम् का अर्थ है जीते हुए लोगों का। यहाँ 'धृङ् प्राणधारणे' धातु से शानच् करने पर भ्रियमाणानाम् रूप होगा, वह दिवादि का है। माघ में आया है—'भ्रियते यावदेकोऽपि रिपुः'। धरमाण शब्द बनाने के लिए 'धृञ् धारणे' इस भौवादिक धातु से शानच् करना चाहिये।

३३ सर्वसमुदाचारसन्निकर्षः (पृ. ८८)

सभी प्रकार के व्यवहारों का होना। यहाँ तात्पर्य यह है कि आपके सामने जो सभी प्रकार के व्यवहार किये जा रहे हैं उन्हें देखकर यही विश्वास करना पड़ता है कि आप सुमन्त्र हैं। यदि आप सुमन्त्र नहीं होते तो मातायें आप के सामने घूँघट नहीं दूर करतीं। उनके इस व्यवहार से आप की सुमन्त्रता प्रमाणित होती है।

३४ अभिवादनक्रममुपदेष्टुमिच्छामि (पृ. ८९)

माताओं को किस क्रम से प्रणाम किया जाय, कौन बड़ी माता हैं जिनको पहले,

उसके बाद मझली माँ को, उसके बाद छोटी माँ को पहचान कर ही तो क्रमशः प्रणाम किया जायगा तदर्थ आप उन्हें परिचित करा दें जिससे यथोचित क्रम से प्रणाम किया जाय। यही इस वाक्य का अर्थ है। इस अर्थ में यह वाक्य अवाचक है, क्योंकि यहाँ उपदेष्टुम् का सन्बन्ध ठीक नहीं बैठ रहा है अतः उसकी जगह—'अभिवादनक्रममुपदिष्टमिच्छामि' ऐसा पाठ मानना चाहिये। बहुत सम्भव है यही पाठ रहा भी हो, पीछे लेखनप्रमाद से वर्त्तमान पाठ प्रचलित हो गया होगा।

३५ आक्रुष्ट इवास्म्यनेन (पृ. ६०)

कौसल्या ने भरत से कहा—निःसन्तापो भव। इसका अर्थ स्पष्ट है तुम्हारे सन्ताप दूर हों। यहाँ सन्ताप कैसा ? यह विचारणीय है, सभी अपने मन की सोचेंगे। कौसल्या ने कहा कि राम-वनगमन से जो सन्ताप तुमको है वह छूट जाय, उससे तुम्हें त्राण प्राप्त हो। भरत को दूसरा ही अभिप्राय ज्ञात हुआ। उन्होंने समझा कि ये मुझे ताने दे रही हैं—रामरूप विरोधी के रहने से जो राज्याप्राप्तिरूप सन्ताप था वह अब दूर हो गया, निश्चिन्त हो जाओ। कौसल्या के कथन का यही मतलब भरत ने लगाया।

३६ अतिसन्धितः (पृ. ६०)

अतिसन्धा अतिसन्धानम्, वञ्चनमित्यर्थः, देखिये शाकुन्तल—'परातिसन्धानमधीयते ये विद्येति ते सन्तु किलाप्तवाचः' सा अतिसन्धा सञ्जाता अस्येति अतिसन्धितः, 'तदस्य संजातं तारकादिभ्य इतच्' यही इसकी सिद्धि का उपाय है। धा से सीधे क्त प्रत्यय करने पर तो 'अतिसहितः' यह रूप होगा। अतिसन्धित = वञ्चित। लक्ष्मण ने जिसे वञ्चित कर रखा है अर्थात् उन्होंने स्वयं राम की सेवा का अवसर प्राप्त कर लिया, भरत को वैसा नहीं करने दिया, यही लक्ष्मण द्वारा यहाँ भरत की अतिसन्धा है।

३७ इदं प्रयतिष्ये (पृ. ६०)

यत धातु प्रयत्नार्थक तथा अकर्मक है, इसके योग में इदं पद का किसी प्रकार समन्वय नहीं होता। यहाँ 'इह प्रयतिष्ये' ऐसा पाठ हो जाय तो सब ठीक हो जायगा।

३८ अभिषेकं पुरस्कृत्य (पृ. ६६)

'अभिषेकं पुरस्कृत्य' इसमें अभिषेक शब्द से क्रिया नहीं, क्रिया की सामग्री ली गई है, क्रिया लेकर कोई क्या जायेगा, उसकी सामग्री जल, छत्र आदि लेकर जाने का प्रसङ्ग भी है।

३९ प्रत्यादेशो राज्यलुब्धायाः कैकेय्याः (पृ. १०१)

राम राज्यलुब्धा कैकेयी के लिए तिरस्कार स्वरूप थे। राम राज्य से एकदम निरपेक्ष थे और कैकेयी ने राज्य के लिए अति अकर्त्तव्य किया, ऐसी दशा में कैकेयी के विषय में कुछ नहीं कह कर राम का वन जाना ही कैकेयी का पर्याप्त तिरस्कार हो गया। इसी व्यवहार को प्रत्यादेश—तिरस्कार का रूप दे दिया गया है। ऐसे उदाहरण बाण की

कादम्बरी में अधिक आये हैं—प्रत्यादेशो धनुष्मताम्, धौरेयः साहसिकानाम्, अग्रणीर्विदग्धानाम्, धौरेयः साहसिकानाम्।'

४० इक्ष्वाकुकुलन्यङ्गभूतः (पृ. १०३)

न्यङ्ग शब्द का अर्थ है 'कलंक'। न्यङ्ग शब्द अप्रचलित है। इसका 'नि-अङ्ग' निकृष्ट भाग इस अवयवार्थ का बहुत थोड़ा भाव आशयार्थ में आता है।

४१ पितृवचनकराय (पृ. १०३)

करोति इति करः, पितृवचनस्य करः इति पितृवचनकरः, तस्मै पितृवचनकराय। पितृवचनं करोति यः स तस्मै इस विग्रह में पितृवचनकाराय, ऐसा रूप होगा, क्योंकि कर्मण्यण् से अण् प्रत्यय हो जायगा। इसीलिए कौमुदी मे लिखा है। 'कथं तर्हि गङ्गाधर-भूधरादयः, कर्मणः शेषत्वविवक्षायां भविष्यन्ति।'

४२ विशालीक्रियतां ते चक्षुः (पृ. १०७)

भरत को देखने के लिए तुम अपनी आँखें विशाल कर लो। अच्छी वस्तु देखने के लिए बड़ी आँखों का होना वर्णित है, देखिये—'विलोकयन्त्यो वपुरापुरक्ष्णां प्रकाम-विस्तारफलं हरिण्यः' (रघुवंश)।

४३ गुरुरयम्, आर्य ! अभिवादये, आयुष्मान् भव (पृ. १०७)

भरत ने लक्ष्मण के विषय में कहा—गुरुरयम्, आप श्रेष्ठ हैं; फर लक्ष्मण के प्रति कहा—आर्य अभिवादये, लक्ष्मण ने आशीर्वाद दिया—'आयुष्मान् भव।' इस कथोप-कथन के सिलसिले से प्रकट होता है कि लक्ष्मण बड़े थे और भरत छोटे। भरत ने प्रणाम किया, लक्ष्मण ने श्रेष्ठजनोचित आशीर्वाद दिया। परन्तु यह बात संदिग्ध है, सभी रामायणकार या रामायणाश्रित साहित्यग्रन्थकार भरत को ज्येष्ठ मानते हैं, लक्ष्मण को छोटा। फिर भास को क्या सूझा कि उन्होंने उल्टा लिख दिय.? इस प्रश्न का उत्तर यह दिया जा सकता है कि राम तथा लक्ष्मण समान-चरुभाग-प्रसूत थे, अतः राम की तरह लक्ष्मण भी भरतसे ज्येष्ठ हुए। यह भी कहा जा सकता है कि चरुभाग जो पुत्रेष्टियज्ञोपरान्त रानियों को दिया गया था उसमें लक्ष्मणजनक चरुभाग प्रथमार्पित रहा हो। इन उत्तरों में सन्तोषक्षमता नहीं है। रामायण की कथा में इस तरह की गलती क्षम्य नहीं है। नाटकीय चमत्कारार्थ कवि ने परिवर्त्तन किया है यह बात भी नहीं कही जा सकती, क्योंकि नाटकीयांश में कोई चमत्कार उससे नहीं बढ़ पाया है। मैं समझता हूँ कि भास के समय में कोई रामायण ऐसा भी प्रचलित रहा होगा जिसमें लक्ष्मण को भरत से ज्येष्ठ कहा गया होगा। कालक्रम से वह रामायण लुप्त हो गया है। इस तरह की बातें अति असम्भव नहीं कहीं जा सकतीं।

४४ आत्मजविशिष्टगुणः(पृ. ११८)

आत्मज (पुत्र) के विशिष्ट (अद्भुत) गुण । इस वाक्य में समास न करके आत्मजस्य विशिष्टगुणः ऐसा कहने से साहित्यिक चमत्कार कम हो जाता, इसीलिए व्याकरण की परवाह न करके समास कर दिया गया है ।

४५ कः समयः ? (पृ. १२०)

यहां समय शब्द का अर्थ है 'शर्त्त' 'सिद्धान्त' 'समया'—शपथाचारकालसिद्धान्त-संविदः' (इत्यमरः) 'शर्त्त पर आपका राज्य चला दूँगा' ऐसा भरत ने स्वीकार किया, जिस पर राम ने पूछा कि कौन शर्त्त ?

४६ प्रतिग्रहीतुम् (पृ. १२०)

यहाँ 'प्रतिग्रहीतुम्' पद अन्तर्भावितण्यर्थ मानने पर भी प्राकरणिक सङ्गत अर्थ हो सकेगा नहीं तो विवक्षितार्थप्रतीति नहीं होगी । 'प्रतिग्रहीतुम्' का साधारण अर्थ है–लेने के लिए । देखिये, कुमारसम्भव—'प्रतिग्रहीतुं प्रणयिप्रियत्वात्त्रिलोचनस्तामुपचक्रमे च' । इसीलिए यहां 'प्रतिग्रहीतुम्' में ग्रहधातु को अन्तर्भावितण्यर्थ मान लेने से 'ग्रहण कराना चाहता हूँ' यह अभीष्ट अर्थ होगा ।

४७ अवस्थाकुटुम्बिनीम् (पृ. १२६)

'कुटुम्बिनी' शब्द से स्त्री या सहायक स्त्री यही अर्थ प्रतीत होता है, उसके साथ अवस्था पद जोड़कर राम सीता की प्रशंसा कर रहे हैं । उनके कहने का अर्थ यह होता है कि सीता साधारण विलासलुब्धा स्त्री नहीं, वह हमारी भी दशा की सहायिका स्त्री है ।

४८ निवपनक्रियाम् (पृ. १२६)

निवपन शब्द का अर्थ है पितरोंके उद्देश्य से किया गया श्राद्धतर्पण आदि । कालिदास ने भी इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग किया है । देखिये शाकुन्तल—

'अस्मत्परं बत यथाश्रुति संभृतानि । को नः कुले निवपनानि नियच्छतीति ॥'

निवपन, निवाप दोनों समानार्थक हैं । 'येभ्यो निवापाञ्जलयः पितॄणाम्' निवाप शब्द से 'नैवाप' भी बनकर प्रयुक्त हुआ है—'दशरथदुरवापं प्राप नैवापमम्भः' ॥

४९ स्वरपदपरिहीणाम् (पृ. १३१)

स्वर तथा पद से रहित । यहां हीन और परिहीन में कोई अर्थभेद नहीं है, क्योंकि परि निरर्थक है । निरर्थक परि को 'अधिपरी अनर्थकौ' इससे कर्मप्रवचनीय संज्ञा होगी, उपसर्गसंज्ञा का उससे बोध हो जायगा, अतः परिहीण पद में णत्व अयुक्त है, अत एव—

कारिकावली में 'सामान्यपरिहीनास्तु सर्वे जात्यादयो मताः' ऐसा दन्त्यघटित ही पाठ है।

५० माहेश्वरं योगशास्त्रम्, मेधातिथेर्न्यायशास्त्रम् प्राचेतसं श्राद्धकल्पम्' (पृ. १३४)

महेश्वरकृत योगशास्त्र। यह माहेश्वर योगशास्त्र कौन है इस विषय में बड़ा सन्देह है, प्रसिद्ध योगशास्त्र तो पातञ्जल ही है। महेश्वरकृत योगशास्त्र, हो सकता है पहले रहा हो, अब तो उसकी प्रसिद्धि नहीं रही। यह भी सम्भव है वह माहेश्वर योगशास्त्र प्रचलित पातञ्जल योगशास्त्र का मूलभूत रहा हो, समय की गति से उसका लोप हो गया है। आज सर्वत्र जिस पाणिनीय व्याकरण की ख्याति है उसका भी मूलभूत अन्य बहुविध व्याकरण था, जो अब नहीं रहा।

मेधातिथि को न्यायशास्त्र का प्रवर्त्तक कहा गया है। मेधातिथि प्रसिद्ध हैं उनका ग्रन्थ तो धर्मशास्त्र में ही मिलता है। ये मेधातिथि कौन थे? इस प्रश्न का उत्तर अब यही दिया जा सकता है कि ये भी कोई प्राचीन आचार्य रहे होंगे जिनसे प्रेरणा प्राप्त कर गौतम का न्याय बना होगा, जो आज प्रचार में है। इन बातों पर अनुसन्धान होना चाहिये। वरुणकृत श्राद्धकल्प की भी यही स्थिति है।

५१ क्रौञ्चत्वं वा गमिष्यति (पृ. १३६)

परशुराम और कार्त्तिकेय महादेव से अस्त्रवेद का सविधि अध्ययन कर रहे थे। दोनों में विद्या के तारतम्य का सङ्घर्ष उपस्थित हुआ। महादेव ने परीक्षा के लिये तय किया कि इस पर्वत को बाणों द्वारा जो भिन्न कर देगा उसे प्राथम्य प्राप्त होगा। परशुराम ने वैसा किया, इसीलिए उनको यश के साथ गुरुकृपा भी मिली। इन्हीं कारणों से उस शरदलित पर्वत को कालिदास ने—हंसद्वारं भृगुपतियशोवर्त्म तत्क्रौञ्चरन्ध्रम्' कहा है।

५२ क्रव्यात् (पृ. १५०)

'राक्षसः कौणपः क्रव्यात्'। 'अदोऽनन्ने' इस सूत्र से क्रव्योपपदक अद् धातु से विट् प्रत्यय, उसका सर्वापहार, क्रव्य—आम मांस।

५३ गुण इव बह्वपराद्धमायुषा मे (पृ. १५५)

अधिक दिनों तक जीना गुण माना जाता है, परन्तु मेरी चिरजीविता गुण की जगह दोष हो रही है क्योंकि जीते रहने से ही मुझे अप्रिय घटनायें देखनी पड़ी हैं। इस पद्यांश में किस प्रकार अन्वय किया गया है समझ में नहीं आता। 'गुण इव' इतना अंश नहीं रहे तब ठीक बैठता है, अन्यथा वह मेघ की तरह लटक जाता है। हम तो इसे कवि की अशक्ति ही मानते हैं।

५४ शब्दयितव्या (पृ. १६२)

यहाँ पद से णिच् प्रत्यय करके उससे तव्य प्रत्यय किया गया है। शब्दयितव्या-आह्वातव्या (पुकारी जाय)।

५५ दूषिताऽत्र भवती (पृ. १६६)

इसका अर्थ है—मैंने आप का तिरस्कार किया, निन्दा की। ऐसे शब्द का प्रयोग कुछ दूसरे ही अर्थ में अब होता है। भास का तात्पर्य निन्दा से ही था।

५६ अन्तशः (पृ. १७१)

अन्तशः अन्त तक, आसमाप्ति। यहाँ का शस् प्रत्यय चिन्तनीय है।

५७ निम्नस्थलोत्पादको हि कालः (पृ. १७३)

समय सभी खाइयों का पाटनेवाला होता है। समय से सभी घाव भर जाते हैं। किसी भारी दुःख को भी समय सह्य बना देता है।

५८ एष्टव्ये काले (पृ. १७५)

इष्टे काले—उचित समय में। यह इसका भाव है परन्तु एष्टव्य शब्द से यह अर्थ नहीं निकल सकता है।

५६ उन्नामयाननमिदम् (पृ. १८१)

उत् नम् णिच् लोट् मध्यम पुरुष का एकवचन। मुख उठाओ। व्याकरण के अनुसार 'उन्नमय' होना चाहिये। उन्नामय अशुद्ध है।

प्रतिमानाटकगतानि सुभाषितानि

१. अनुचरति शशाङ्कं राहुदोषेऽपि तारा ।
२. अलमिदानीं व्रणे प्रहर्तुम् ।
३. अल्पं तुल्यशीलानि द्वन्द्वानि सृज्यन्ते ।
४. विधिरनतिक्रमणीयः ।
५. किं ब्रह्मज्ञानमपि परेण निवेदनं क्रियते ?
६. कुतः क्रोधो विनीतानां लज्जा वा कृतचेतसाम् ।
७. गङ्गायमुनयोर्मध्ये कुनदीव प्रवेशिता ।
८. गोपहीना गावो विलयं यान्ति ।
९. छायां परिहृत्य शरीरं न लङ्घयामि ।
१०. तिर्यग्योनयोऽप्युपकृतमवगच्छन्ति ।
११. न न्याय्यं परदोषमभिधातुम् ।
१२. न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति ।
१३. निम्नस्थलोत्पादको हि कालः ।
१४. निर्दोषदृश्या हि भवन्ति नार्यो यज्ञे विवाहे व्यसने वने च ।
१५. पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च ।
१६. पिपासार्त्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ।
१७. पुरुषाणां मातृदोषो न दोषः ।
१८. बहुवृत्तान्तानि राजकुलानि नाम ।
१९. भर्तृनाथा हि नार्यः ।
२०. राज्यं नाम मुहूर्त्तमपि नोपेक्षणीयम् ।
२१. शरीरेऽरिः प्रहरति, स्वजनो हृदये ।
२२. सर्वशोभनीयं सुरूपं नाम ।
२३. सर्वोऽपि मृदुः परिभूयते ।
२४. सुलभापराधः परिजनो नाम ।
२५. स्वः पुत्रः कुरुते पितुर्यदि वचः कस्तत्र भो विस्मयः ?
२६. हस्तस्पर्शो हि मातृणामजलस्य जलाञ्जलिः ।

नाटकीय-वस्तुलक्षणानि

नाटकम्—वीरशृङ्गारयोरेकः प्रधानं यत्र वर्ण्यते ।
प्रख्यातनायकोपेतं [1]नाटकं तदुदाहृतम् ॥

जिसमें वीर, शृङ्गार में अन्यतर रस प्रधान हो, अन्य रस अङ्गभूत रहें और प्रख्यात नायक हो, वह नाटक कहा जाता है ।

पूर्वरङ्गः—यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये ।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते ॥

नाटकीय कथा की अवतारणा से पहले रङ्गभूमि के विघ्नों को दूर करने के उद्देश्य से नर्त्तक लोग जो कुछ करते हैं, उसे पूर्वरङ्ग कहते हैं ।

नान्दी—आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥

देवगण, ब्राह्मण और राजादिकों की आशीर्वाद सहित स्तुति इसके द्वारा की जाती है इसलिए लोग इसे नान्दी कहते हैं ।

सूत्रधारः—आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुनः ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इहोदितः ॥

नायक, कवि और कथावस्तु के गुणों को संक्षेप में (नान्दी द्वारा) सूचित करने वाला सूत्रधार नाम से विदित कराया जाता है । इसका रङ्गमञ्च को सजाने की कला में प्रवीण होना भी आवश्यक है ।

प्रयोगातिशयः—यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।

---

1. 'नाटकं ख्यातवृत्तं स्यात् पञ्चसन्धिसमन्वितम् ।
विलासर्द्ध्यादिगुणवद्युक्तं नानाविभूतिभिः ॥
सुखदुःखसमुद्भूतिर्नानारसनिरन्तरम् ।
पञ्चादिका दशपरास्तत्राङ्काः परिकीर्त्तिताः ॥
प्रख्यातवंशो राजर्षिर्धीरोदात्तः प्रतापवान् ।
दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान् नायको मतः ॥
एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा ।
अङ्गमन्ये रसाः सर्वे कार्यं निर्वहणेऽद्भुतम् ।
चत्वारः पञ्च वा मुख्याः कार्यव्यापृतपूरुषाः ।
गोपुच्छाग्रसमाग्रं तु बन्धनं तस्य कीर्त्तितम्' इति । (सा० द०)

तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तदा ॥

यदि एक ही प्रयोग में अन्य प्रयोग प्रारम्भ हो जाय और उसी के द्वारा पात्र का प्रवेश कराया गया हो तो उसे 'प्रयोगातिशय' कहते हैं। यह पाँच प्रकारवाली प्रस्तावना का एक भेद है। जैसे कि साहित्यदर्पण में कहा गया है—

उद्घात्यकः कथोद्घातः प्रयोगातिशयस्तथा। प्रवर्तकावलगिते पञ्च प्रस्तावनाभिदाः ॥

नेपथ्यम्—कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते।

अभिनेता लोग जहाँ ठहर कर नाटकोचित भूमिका धारण करते हैं, वह नेपथ्य कहा जाता है। इसी को आजकल 'ग्रीन हाउस' कहते हैं।

प्रस्तावना—सूत्रधारो नटीं ब्रूते मारिषं वा विदूषकम्।

स्वकार्यं प्रस्तुताक्षेपि चित्रोक्त्या यत्तदामुखम् ॥

जहाँ सूत्रधार विचित्र ढङ्ग से नटी, मारिष या विदूषक से ऐसी बातें कहे, जिससे प्रस्तुत नाटककी कथा का सूचन हो जाय, उसे आमुख कहते हैं। इसी का 'प्रस्तावना' यह नामान्तर है। इसी की जगह में पुराने कविगण भास आदि 'स्थापना' शब्द का व्यवहार करते हैं।

अङ्कः—अङ्क इति रूढिशब्दो भावैश्च रसैश्च रोहयत्यर्थान्।

नानाविधानयुक्तो यस्मात्तस्माद् भवेदङ्कः ॥

यत्रार्थस्य समाप्तिर्यस्य च बीजस्य भवति संहारः।

किञ्चिदवलग्नबिन्दुः सोऽङ्कः सदाऽवगन्तव्यः ॥

जो भाव और रसों के द्वारा अर्थों को अंकुरित करता है, जिसके अन्दर नाना प्रकार के विधान हों, जहाँ एक अर्थका अवसान तथा [1]बीजका उपसंहार और अंशतः बिन्दुका[2] सम्बन्ध होता है, उसे अङ्क कहते। यह शब्द 'प्रकरण' अर्थ में रूढ है।

मिश्रविष्कम्भकः—वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः।

संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ॥

मध्येन मध्यमाभ्यां वा पात्राभ्यां सम्प्रयोजितः।

शुद्धः स्यात् स तु सङ्कीर्णो नीचमध्यमकल्पितः ॥

---

१. अल्पमात्रं समुद्दिष्टं बहुधा यद्विसर्पति फलस्य प्रथमो हेतुर्बीजमित्यभिधीयते।

जो अल्पमात्रा में कहा जाय और आगे चलकर विस्तृत हो, वह बीज कहा जाता है। यह फलसिद्धि का प्रथम कारण माना जाता है।

२. अवान्तरार्थविच्छेदे बिन्दुरच्छेदकारणम्।

मध्यापाती कथा का विच्छेद होने पर भी प्रधान कथा के प्रक्रान्त रहने में जो कारण होता है, उसे बिन्दु कहते हैं।

बीती हुई और आगे वाली कथाओं की सूचना तथा कथांश का संक्षेप करने वाला (छोटा अंक) विष्कम्भक कहा गया है। उसके प्रयोग का स्थान अंक का आदि माना गया है। जहाँ विष्कम्भक में एक अथवा दो मध्यम पात्रमात्र का प्रयोग हो उसे शुद्ध विष्कम्भक और नीच तथा मध्यम दोनों तरह के पात्रों का प्रयोग हो उसे मिश्रविष्कम्भ मानते हैं।

स्वगतम्—अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम्।

जो बात सुनाने के योग्य न हो अर्थात् उसे साथ में अभिनय करने वाले न सुनें केवल सामाजिक ही सुनें, इसी अभिप्राय से कही जाय उसे 'स्वगत' कहते हैं। इसी को आत्मगत भी कहते हैं।

प्रकाशम्—सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात्।

जो बात सबको सुनाने के लिये कही जाय, उसे 'प्रकाश' कहते हैं।

प्रवेशकः—प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः

प्रवेशक का प्रयोग नीच पात्रों के द्वारा ही कराया जाता है। इसमें उदात्त रमणीय उक्तियों का अभाव होना चाहिये।

अपवारितम्—रहस्यं कथ्यतेऽन्यस्य परावृत्त्याऽपवारितम्।

जो बात कुछ पात्रविशेष से छिपा कर कुछ पात्रों को कही जाती है, उसे अपवारित कहते हैं।

आकाशभाषितम्—किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत्।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम्॥

बिना किसी दूसरे जनके, बिना कहने पर ही, बिना सुने ही, क्या कहा? इत्यादि प्रश्नों द्वारा स्वयं प्रकरण बना कर जो बात कही जाती है, उसे आकाश-भाषित कहते हैं।

काञ्चुकीयः—ये नित्यं सत्यसम्पन्नाः कामदोषविवर्जिताः।
ज्ञानविज्ञानकुशलाः काञ्चुकीयास्तु ते मताः॥

जो सदा सत्य बोलने वाले, निश्छलव्यवहारी, कामदोषशून्य और ज्ञानविज्ञान में निपुण होते हैं वे काञ्चुकीय कहलाते हैं।

नायकः—त्यागी कृती कुलीनः सुश्रीको रूपयौवनोत्साही।
दक्षोऽनुरक्तलोकस्तेजोवैदग्ध्यशीलवान्नेता॥

दानशील, पण्डित, सत्कुलप्रसूत, धनवान् और रूप, यौवन तथा उत्साह से सम्पन्न, चतुर, लोकप्रिय, तेजस्वी और सुशील पुरुष नेता होता है, अर्थात् नाटक के लिए ऐसे ही नायक चुने जाते हैं।

नायिका—नायकसामान्यगुणैर्युक्ता नायिका ।

नायक में अपेक्षित सद्गुणों से युक्त नायिका होती है ।

धीरोदात्तः—अविकत्थनः क्षमावानतिगम्भीरो महासत्त्वः ।
स्थेयान् निगूढमानो धीरोदात्तो दृढव्रतः कथितः ॥

जो स्वयं अपनी तारीफ नहीं करनेवाला, सहनशील, धीर, महामना, स्थिर-प्रकृति, नम्रता से अभिमान को छिपाकर रखने वाला और सत्यवक्ता हो; उस नायक को धीरोदात्त नायक कहते हैं ।

रसः—विभावेनानुभावेन व्यक्तः सञ्चारिणा तथा ।
रसतामेति रत्यादिः स्थायिभावः सचेतसाम् ॥
प्रपानकरसन्यायाच्चर्व्यमाणो रसो भवेत् ।

सहृदयों के हृदय में वर्तमान रत्यादि स्थायिभाव विभाव, अनुभाव और व्यभिचारिभावकी सहायतासे अभिव्यक्त होकर प्रपानक रस की तरह आस्वाद विषय बनकर रस संज्ञा को प्राप्त होते हैं ।

करुणः—इष्टनाशादनिष्टाप्तेः करुणाख्यो रसो भवेत् ।
शोकोऽत्र स्थायिभावः स्याच्छोच्यमालम्बनं मतम् ॥

इष्टवस्तु के नाश और अनिष्टकी प्राप्तिसे करुणरसका आविर्भाव होता है, इसमें शोक स्थायिभाव होता है और शोच्य आलम्बन विभाव होता है ।

वीररसः—उत्तमप्रकृतिर्वीर उत्साहस्थायिभावकः ।

जिसका स्थायिभाव उत्साह हो और जो उत्तम पात्रमात्रमें आश्रित हो, उसे वीर रस कहते हैं ।

प्रतिमानाटकगतवृत्तलक्षणानि

इन्द्रवज्रा—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः।

जिस छन्दमें दो तगण, एक जगण और दो गुरु वर्ण हों; उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं।

मालिनी—ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।

यदि दो नगण, एक मगण, पुनः दो यगण हों तो उस वृत्त का नाम मालिनी कहा गया है।

उपजातिः—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः, उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ।
अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः।

जिस छन्दमें दो तगण, एक जगण और दो गुरु अक्षर हों, उसे इन्द्रवज्रा कहते हैं। जिसमें एक जगण, एक तगण, फिर एक जगण और दो गुरु वर्ण हों, उसे उपेन्द्रवज्रा नामसे पुकारते हैं। जिसके चरणों में इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा दोनों छन्दोंके लक्षण चरणभेदसे मिलें, उसे उपजाति नामक वृत्त कहते हैं।

पुष्पिताग्रा—अयुजि नयुगरेफतो यकारो
युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा।

जिस वृत्तके विषम चरणोंमें दो नगण, एक रगण, अनन्तर एक यगण हो और सम चरणोंमें नगण, जगण, पुनः जगण, रगण, उसके आगे एक गुरु वर्ण हो, उसे पुष्पिताग्रा कहते हैं। विषम चरण—प्रथम, तृतीय को और सम चरण—द्वितीय और चतुर्थ को जानना चाहिये।

वसन्ततिलका—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।

जिसमें तगण, भगण, जगण, फिर जगण, उसके बाद दो गुरु वर्ण हों; वह वसन्ततिलका कहा जाता है।

शार्दूलविक्रीडितम्—सूर्याश्वैर्मसजास्ततः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्।

जिस छन्दमें मगण, सगण, जगण, सगण, तगणद्वय और एक गुरु वर्ण हो, बारह और सात वर्णों पर यति हो, उसे शार्दूलविक्रीडित नामक वृत्त कहते हैं।

वंशस्थम्—जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ।

जगण,तगण,जगण,रगण; यदि क्रमसे हों तो वंशस्थ नामक वृत्त कहा गया है।

सुवदना—ज्ञेया सप्ताश्वषड्भिर्मरभनययुता भ्लौ गः सुवदना।

जिसमें मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, पुनः भगण, एक लघु वर्ण और अन्त में एक गुरु वर्ण रहे, ७,७,६ वर्णों पर यति हो, उसे सुवदना छन्द कहते हैं।

प्रभा—स्वरशरविरतिर्ननौ रौ प्रभा।

दो नगण, दो रगण तथा सात और पाँच वर्णों पर विराम होनेसे प्रभा वृत्त बन जाता है।

स्रग्विणी—रैश्चतुर्भिर्युता स्रग्विणी संमता।

यदि चार रगण हों तो स्रग्विणी छन्द होता है।

शालिनी—शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोऽब्धिलोकैः ।

जिसमें एक मगण, दो तगण, तदनन्तर दो गुरु वर्ण रहें और चार तथा सात-वर्णों पर यति हो उसे शालिनी कहते हैं ।

प्रहर्षिणी—म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम् ।

यदि क्रमशः मगण, नगण, जगण, रगण और अन्तमें एक गुरु वर्ण हो तो उसे प्रहर्षिणी नामक वृत्त कहते हैं । इसमें ३, १० वर्णों पर यति होती है ।

शिखरिणी—रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभला गः शिखरिणी ।

यगण, मगण, नगण, सगण, भगण इन पाँच गणोंके बाद एक लघु और एक गुरु हो, और ६, ११ वर्णों पर यति हो तो उसे शिखरिणी छन्द कहते हैं ।

स्रग्धरा—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्त्तितेयम् ।

यदि मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, यगण, यगण इस तरहका गणन्यास हो और तीन बार प्रति सातवें वर्ण पर यति हो तो उसे स्रग्धरा कहते हैं ।

आर्या—यस्याः प्रथमे पादे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि ।
अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश सार्या ॥

जिस मात्रावृत्तके प्रथम और तृतीय चरणोंमें १२-१२ मात्रायें, द्वितीय पादमें १८ मात्रायें और चतुर्थमें १५ मात्रायें रहें, उसे आर्या कहते हैं ।

अनुष्टुप्—पञ्चमं लघु सर्वत्र सप्तमं द्विचतुर्थयोः ।
षष्ठं गुरु विजानीयादेतत् पद्यस्य लक्षणम् ॥

अनुष्टुप् छन्दके सब चरणोंमें ५ वाँ वर्ण लघु, छठा वर्ण गुरु और द्वितीय चतुर्थ चरणों में ७ वाँ वर्ण लघु होता है ।

हरिणी—रसयुगहयैर्न्सौ म्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा ।

जिसमें नगण, सगण, मगण, रगण, सगण, तदनन्तर एक लघु तथा एक गुरु वर्ण रहें, छः, चार और सात वर्णों पर यति हो, उस छन्दको हरिणी कहते हैं ।

गणसामान्य का लक्षण—

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः ।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्त्यगुरुः कथितोऽन्त्यलघुस्तः ॥

लघु वर्ण खड़ी पाई (।) द्वारा और गुरुवर्ण इस चिह्न (ऽ) द्वारा व्यक्त किया जाता है । फलतः सभी गणोंको इस प्रकार न्यस्त करना चाहिये ।

मगण-ऽऽऽ, नगण-।।।, भगण-ऽ।।, यगण-।ऽऽ, जगण-।ऽ।, रगण-ऽ।ऽ, सगण-।।ऽ, तगण-ऽऽ। ये ही आठ गण हैं । इनके ही विवर्त्तसे ये छन्द बनते हैं ।

टीकाकर्तुः परिचयः

माण्डरसंज्ञकमैथिलभूसुरवंशेऽजनिष्ट कृती।
श्रीमान् 'कन्हाइ'मिश्रो हृतजनताऽज्ञानतामिस्रः॥ १॥
उदितः 'छीतन'शर्मा ततः सुमेरोरिवादित्यः।
योऽमानि मानिनिवहश्रेयान् सुकृतावदातात्मा॥ २॥
मृतपितृकः स हि बाल्ये मातुलकुलमाश्रितः शरणम्।
ग्रामे पकड़ीनामनि गृहस्थतां प्रापितो न्यवसत्॥ ३॥
तत्तनयेषु प्रथमो वयसा ज्ञानेन यशसा।
'मधुसूदन'मिश्राख्यो भक्तधुराग्रणीरभवत्॥ ४॥
तत एव श्री'जयमणि'संज्ञायां मातरि प्रापम्।
जनिमब्धिरामवसुभूमितशाके 'रामचन्द्रो'ऽहम्॥ ५॥
प्रभवादष्टमशरदि स्नेहान्मामुपनिनीषन्तम्।
तातं सदा स्वतन्त्रा नियतिरकार्षीत्कथाशेषम्॥ ६॥
बाल्ये पण्डित'क्षितुरशर्म'कृपाप्राप्तबोधस्य।
अथ चक्षुषी चमत्कृतसंस्कृतभाषाप्रयोगेषु॥ ७॥
उन्मीलिते अभूतां श्री'श्रीनाथाख्य'विबुधस्य।
मम मातुलस्य चरणौ निषेवमाणस्य न चिरेण॥ ८॥
गूढं शास्त्ररहस्यं ज्ञातुं निखिलं निबद्धकक्षस्य।
उपदेशको ममाभू'दीश्वरनाथो' विदां वन्द्यः॥ ९॥
स्वाभाविकया कृपया स्नेहेनान्तःप्ररूढेन।
मम तादृशा च यो मामपुषत्सोदर्यभावेन॥१०॥
तत्कृपयाधिगताखिलसंस्कृतसाहित्यमर्माणम्।
बुधवर'किशोरिशर्मा' मां व्यधिताचार्यपदभाजम्॥११॥
श्रीयुत'जटेश्वरा'भिधविद्वद्वरपादमुपजीव्य।
दर्शनशास्त्ररहस्यं न चिरेणाशेषमाचकलम्॥१२॥
एतानन्यांश्च गुरून्मनसि ममाविःस्थितान्सततम्।
ध्यायामि यत्कृपा मे मानुष्यकमज्ञसाऽऽक्षीत्॥१३॥
सोऽहं वाक्परिचरणव्यापृतचेताः 'प्रकाश'ममुम्।
निरमामिह विद्वांसः कृपास्पृशं स्वां दृशं दध्युः॥१४॥